वर्ष-10 अंक-261 पृष्ठ- 8 मूल्यः 3 रूपये
प्रयागराज, सोमवार 30 दिसम्बर 2024
TM
आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

नगर संस्करण
10
प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष में प्रसारित
Download From
Adhunik Samachar
आधुनिक समाचार नेटर्वक

## संक्षिप्त समाचार

### बीड सरपंच हत्याकांड ने पकड़ा तूल, चारों तरफ से घिरे धनंजय मुंडे; खतरे में आया मंत्री पद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में एनसीपी नेता व खाद्य आपूर्ति मंत्री धनंजय मुंडे बुरी तरह घिर गए हैं। बीड में सर्वदलीय नेताओं ने इस हत्याकांड के विरोध में महारैली की, जिससे महाराष्ट्र की सियासत गरमा गई है और देवेंद्र फडणवीस सरकार भारी दबाव में आती हुई नजर आ रही है। महाराष्ट्र में बीड जिले के मसाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में एनसीपी नेता व खाद्य आपूर्ति मंत्री धनंजय मुंडे बुरी तरह घिर गए हैं। शनिवार को बीड में सर्वदलीय नेताओं ने इस हत्याकांड के विरोध में महारैली की, जिससे महाराष्ट्र की सियासत गरमा गई है और देवेंद्र फडणवीस सरकार भारी दबाव में आ गई है। इससे धनंजय मुंडे के मंत्री पद पर भी खतरा मंडराने लगा है।बता दें कि देशमुख का 9 दिसंबर को अपहरण कर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, तीन आरोपी फरार हैं। वाल्मीकि कराड को देशमुख हत्याकांड का मास्टरमाइंड कहा जा रहा है। वह खाद्य आपूर्ति मंत्री धनंजय मुंडे का करीबी बताया जाता है, लेकिन उसे देशमुख की हत्या में आरोपी नहीं बनाया गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सरपंच हत्या मामले को गंभीरता से लेते हुए सीआईडी को आरोपी की संपत्तियों जब्त करने के निर्देश दिए हैं। राज्य के गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि फडणवीस ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि सोशल मीडिया या वीडियो में फायरिंग करते या हथियार लहराते दिख रहे व्यक्तियों के हथियारों के लाइसेंस रद्द करें।

## गुजरात के कच्छ में 3.2 तीव्रता का भूकंप फिलहाल किसी नुकसान की खबर नहीं

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** जिला प्रशासन ने बताया कि किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर




नहीं है। इस महीने जिले में तीन से अधिक तीव्रता वाला यह तीसरा भूकंप है। 23 दिसंबर को कच्छ में 3.7 तीव्रता का भूकंप आया था। आईएसआर के मुताबिक, सात दिसंबर को जिले में 3.2 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया था। गुजरात के कच्छ जिले में रविवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंपीय अनुसंधान संस्थान (आईएसआर) के मुताबिक, भूकंप की तीव्रता 3.2 मापी गई। गांधीनगर स्थित आईएसआर ने बताया कि भूकंप सुबह 10.06 बजे आया और इसका केंद्र भचाऊ से 18 किलोमीटर उत्तर-उत्तर पूर्व में स्थित था। जिला प्रशासन ने बताया कि किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं है। इस महीने जिले में तीन से अधिक तीव्रता वाला यह तीसरा भूकंप है। 23 दिसंबर को कच्छ में 3.7 तीव्रता का भूकंप आया था। आईएसआर के मुताबिक, सात दिसंबर को जिले में 3.2 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया था।पृथ्वी के अंदर 7 प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है।भूकंप का केंद्र उस स्थान को कहते हैं जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से भूगर्भीय ऊर्जा निकलती है। इस स्थान पर भूकंप का कंपन ज्यादा होता है। कंपन की आवृत्ति ज्यों-ज्यों दूर होती जाती हैं, इसका प्रभाव कम होता जाता है। फिर भी यदि रिक्टर स्केल पर 7 या इससे अधिक की तीव्रता वाला भूकंप है तो आसपास के 40 किमी के दायरे में झटका तेज होता है। लेकिन यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि भूकंपीय आवृत्ति ऊपर की तरफ है या दायरे में। यदि कंपन की आवृत्ति ऊपर को है तो कम क्षेत्र प्रभावित होगा। भूकप की जांच रिक्टर स्केल से होती है। इसे रिक्टर मैग्नीट्यूड टेस्ट स्केल कहा जाता है। रिक्टर स्केल पर भूकंप को 1 से 9 तक के आधार पर मापा जाता है। भूकंप को इसके केंद्र यानी एपीसेंटर से मापा जाता है। भूकंप के दौरान धरती के भीतर से जो ऊर्जा निकलती है, उसकी तीव्रता को इससे मापा जाता है। इसी तीव्रता से भूकंप के झटके की भयावहता का अंदाजा होता है।

## कड़ाके की ठंड के साथ होगा नए साल का स्वागत; उत्तर भारत में चलेगी शीतलहर, मौसम विभाग का अलर्ट


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मौसम विज्ञान विभाग ने नए साल में उत्तर भारत में शीतलहर, बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने कहा है कि 30 दिसंबर से दो जनवरी तक हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के कुछ इलाकों में तेज शीतलहर चल सकती है। 29 दिसंबर को पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में तापमान में गिरावट आएगी।इस बार नए साल में सर्दी का सितम सताएगा। मौसम विज्ञान विभाग ने नए साल में उत्तर भारत में शीतलहर, बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने कहा है कि 30 दिसंबर से दो जनवरी तक हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के कुछ इलाकों में तेज शीतलहर चल सकती है। मौसम विभाग ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के कुछ इलाकों में तेज शीतलहर चलने की संभावना है। वहीं



जम्मू कश्मीर, लद्दाख, मुजफ्फराबाद, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के अलग-अलग इलाकों में भी शीतलहर की स्थिति बन रही है। मौसम विभाग ने कहा है कि 29 दिसंबर को पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में तापमान में गिरावट आएगी। आईएमडी के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि यूपी में रविवार से मौसम साफ होगा और अगले दो से तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में तीन से छह डिग्री तक की गिरावट आएगी। हालांकि पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर मध्यम बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में रविवार सुबह तक हल्की बारिश और मध्यम बर्फबारी जारी रहने की संभावना है। पूर्वोत्तर-चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी के उत्तरी भागों, लाहुल-स्पीति, किन्नौर और सिरमौर जिलों के उत्तरी भाग में भारी बारिश या बर्फबारी की संभावना है। इसके साथ ही सोमवार से हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी और मैदानी इलाकों में शीतलहर, घना कोहरा हो सकता है।

## पीएम मोदी बोले- हमारा संविधान समय की कसौटी पर खरा उतरा, इसकी वजह से ही मैं यहां तक पहुंचा


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इस कार्यक्रम की शुरुआत तीन अक्तूबर 2014 को हुई थी। इसे 22 भारतीय भाषाओं और 29 बोलियों के अलावा 11



विदेशी भाषाओं में भी प्रसारित किया जाता है। आइए पढ़ते हैं साल की आखिरी 'मन की बात' में पीएम मोदी के संबोधन की बड़ी बातें...प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के जरिए लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को नए साल की शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा पीएम मोदी ने संविधान पर भी बात की। 'मन की बात' के 117वें एपिसोड में पीएम मोदी ने कहा कि 2025 में 26 जनवरी को हमारे संविधान को लागू हुए 75 वर्ष होने जा रहे हैं। हम सभी के लिए बहुत गौरव की बात है। हमारे संविधान निर्माताओं ने हमें जो संविधान सौंपा है, वो समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। संविधान हमारे लिए दिशा दिखाने वाली रोशनी है, हमारा मार्गदर्शक है। यह भारत का संविधान ही है जिसकी वजह से वह आज यहां हैं।उन्होंने लोगों से 'कॉन्स्टिट्यूशन75 डॉट कॉम' वेबसाइट देखने को कहा, जिसे देश के नागरिकों को संविधान की विरासत से जोड़ने के लिए शुरू किया गया है। पीएम मोदी ने कहा कि लोग इस पर संविधान की प्रस्तावना पढ़कर अपना वीडियो अपलोड कर सकते हैं, साथ ही अलग-अलग भाषाओं में संविधान पढ़ सकते हैं और संविधान के बारे में प्रश्न भी पूछ सकते हैं। इस वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस से एक वर्ष तक जारी रहने वाली कई गतिविधियां शुरू हुई हैं। उन्होंने कहा कि देश के नागरिकों को संविधान की विरासत से जोड़ने के लिए म्दहूूलदह75.म्दस् नाम से एक खास वेबसाइट भी बनाई गई है। इसमें आप संविधान की प्रस्तावना पढ़कर अपना वीडियो अपलोड कर सकते हैं। अलग-अलग भाषाओं में संविधान पढ़ सकते हैं, संविधान के बारे में प्रश्न भी पूछ सकते हैं। 'मन की बात' के श्रोताओं से, स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों से, कॉलेज में जाने वाले युवाओं से, मेरा आग्रह है, इस वेबसाइट पर जरूर जाकर देखें, इसका हिस्सा बनें।पीएम मोदी ने कहा कि महाकुंभ की विशेषता केवल इसकी विशालता में ही नहीं है। कुंभ की विशेषता इसकी विविधता में भी है। इस आयोजन में करोड़ों लोग एक साथ एकत्रित होते हैं। लाखों संत, हजारों परम्पराएं, सैकड़ों संप्रदाय, अनेकों अखाड़े, हर कोई इस आयोजन का हिस्सा बनता है। कहीं कोई भेदभाव नहीं दिखता है, कोई बड़ा नहीं होता है, कोई छोटा नहीं होता है। अनेकता में एकता का ऐसा दृश्य विश्व में कहीं और देखने को नहीं मिलेगा।उन्होंने कहा कि पहली बार कुंभ आयोजन में एआई चैटबॉट का प्रयोग होगा। इसके माध्यम से 11 भारतीय भाषाओं में कुंभ से जुड़ी हर तरह की जानकारी हासिल की जा सकेगी। इस चैटबॉट से कोई भी टेक्स्ट टाइप करके या बोलकर किसी भी तरह की मदद मांग सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि खुँ यानि कृष, तृष और बाल्टीबॉय। आपको शायद पता होगा बच्चों की पसंदीदा एनिमेशन सीरीज और उसका नाम है खुँ- भारत हैं हम और अब इसका दूसरा सीजन भी आ गया है

## 12.51 करोड़ की साइबर धोखाधड़ी मामले में कार्रवाई; निजी बैंक का प्रबंधक समेत चार गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सीआरईडी के निदेशक ने आरोप लगाया कि कंपनी के नोडल और चालू बैंक खाते बेंगलुरु में एक्सिस बैंक की इंदिरानगर शाखा में थे। इस दौरान कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने बैंक के खिलाफ साजिश



रची और साइबर हमलों की योजना बनाई। कर्नाटक में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। बंगलूरू की एक कंपनी से संवेदनशील डेटा चुराकर उसके खाते से कथित तौर पर 12.51 करोड़ रुपये की हेराफेरी करने के मामले में एक निजी बैंक के प्रबंधक सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि यह मामला तब सामने आया, जब ड्रीम प्लग पे टेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (सीआरईडी) के निदेशक ने नवंबर में पुलिस से संपर्क किया। इसमें कंपनी के खातों से 12.51 करोड़ रुपये की हेराफेरी का आरोप लगाया गया।पुलिस के मुताबिक, सीआरईडी के निदेशक ने आरोप लगाया कि कंपनी के नोडल और चालू बैंक खाते बेंगलुरु में एक्सिस बैंक की इंदिरानगर शाखा में थे। इस दौरान कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने बैंक के खिलाफ साजिश रची और साइबर हमलों की योजना बनाई। इन खातों से जुड़ी ईमेल आईडी और फोन नंबर तक पहुंच हासिल कर ली थी।पुलिस के मुताबिक, अब तक की जांच से पता चला कि आरोपियों ने गुजरात और राजस्थान में 17 अलग-अलग बैंक खातों में 12.51 करोड़ रुपये का हस्तांतरण करने के लिए कंपनी का डेटा चुराया।

## रिकॉर्ड बारिश व बर्फबारी से उत्तर भारत ठिठुरा, कश्मीर-केदारनाथ तक चोटियों पर बिछी सफेद चादर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** रिकॉर्ड बारिश व बर्फबारी से उत्तर भारत में ठिठुरन



सिर चढ़ा हुआ है। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली में शनिवार सुबह 8:30 बजे तक 24 घंटे में 41.2 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो 101 वर्षों में दिसंबर में एक दिन में सबसे अधिक है। 3 दिसंबर, 1923 को 75.7 मिमी बारिश हुई थी। पश्चिमी हिमालयी राज्यों में बर्फबारी और उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में रिकॉर्ड बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। पारा लुढ़कने से ठिठुरन बढ़ गई है। सड़क, रेल व हवाई यातायात बाधित हुआ है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड में केदारनाथ तक बर्फ की सफेद चादर बिछी है। भारी हिमपात से इन राज्यों में लगभग सभी राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गए। इससे रास्ते में सैकड़ों वाहनों में हजारों सैलानी फंसे हैं। अब तक 10,000 से अधिक सैलानियों को सुरक्षित निकाला गया है।मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली में शनिवार सुबह 8:30 बजे तक 24 घंटे में 41.2 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो 101 वर्षों में दिसंबर में एक दिन में सबसे अधिक है।

## इस्तांबुल के लिए 16 घंटे देरी से रवाना होने पर इंडिगो पर भड़के यात्री, सोशल मीडिया पर सुनाई खरी-खोटी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मुंबई ।** मुंबई एयरपोर्ट से इस्तांबुल के लिए 16 घंटे देरी से रवाना हुई इंडिगो फ्लाइट को यात्रियों के कड़े गुस्से का सामना करना पड़ा। सोशल मीडिया पर यात्रियों ने एयरलाइन को खुब खरी-खोटी



सुनाई। मुंबई से इस्तांबुल जाने वाली इंडिगो फ्लाइट 6ि7 शनिवार को तकनीकी समस्या के कारण 16 घंटे देर से रवाना हुई। इस वजह से कम से कम 100 यात्री मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फंस गए। इसके लिए एयरलाइन को यात्रियों की कड़ी नाराजगी का सामना करना पड़ा। यात्रियों ने सोशल मीडिया पर देरी और एयरलाइन के खराब व्यवहार की शिकायत की। साथ ही कुछ यात्रियों ने एयरपोर्ट पर विरोध प्रदर्शन किया और रिफंड या वैकल्पिक उड़ान की मांग की, जिसमें ज्यादातर छात्र थे। बता दें कि फ्लाइट को सुबह 6:55 बजे उड़ान भरनी थी, लेकिन बाद में एयरलाइन ने बताया कि एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की जाएगी और फ्लाइट रात 11 बजे रवाना हुई। सोशल मीडिया पर यात्रियों की नाराजगी को देखते हुए इंडिगो ने इस देरी के लिए माफी मांगी। एयरलाइन की ओर से जारी माफीनामा में कहा गया कि उनकी प्राथमिकता यात्री की सुरक्षा और आराम है। हालांकि, यात्रियों को बार-बार विमान में चढ़ने और उतरने के लिए कहा गया लेकिन अंतिम उड़ान समय के बारे में सही जानकारी नहीं दी गई। जानकारी के अनुसार कुछ यात्रियों ने एयरलाइन के कर्मचारियों के असभ्य व्यवहार और जानकारी के अभाव पर नाराजगी जताई। बता दें कि उड़ान में कम से कम तीन बार देरी हुई। सूत्रों की माने तो यात्रियों को विमान में चढ़ने और उतरने के लिए कहा गया, लेकिन उन्हें अंतिम प्रस्थान समय के बारे में सूचित नहीं किया गया।





# फरार चल रही शाइस्ता ने कई महीने तक दिल्ली में बनाया था ठिकाना, अतीक के करीबी ने किया खुलासा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद की बीवी शाइस्ता परवीन के दिल्ली में छिपे होने की सूचना पर पुलिस की टीमें एक बार फिर सक्रिय हो गई हैं। अलग-अलग राज्यों में उसकी खोजबीन शुरू कर दी गई है। कुछ दिनों पहले गिरफ्तार किए माफिया अतीक अहमद के भांजे जका ने पुलिस को पूछताछ में बताया। इसके बाद पुलिस की टीमों ने दिल्ली में माफिया की पत्नी की खोजबीन शुरू कर दी है। माफिया अतीक के भांजे जका ने पुलिस को बताया कि सात महीने पहले उसने शाइस्ता परवीन से दिल्ली स्टेशन में अब पुलिस उन पर शिकंजा कसने की तैयारी में है। उन पर इनाम की राशि बढ़ाकर जल्द ही 50-50 हजार की जा सकती है। जैनब हटवा की रहने वाली है और उमेश पाल की हत्या के बाद कुछ दिनों तक शहर में ही रही। अतीक-अशरफ को साबरमती व बरेली जेल



गए माफिया के भांजे ने बताया कि सात माह पहले उसने आयशा से दिल्ली स्टेशन पर मुलाकात की थी। उमेश पाल हत्याकांड के बाद से फरार चल रही 50 हजार की इनामी और माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन ने कई महीने तक नई दिल्ली में अपना ठिकाना बनाया था। पुलिस और एसटीएफ की कई टीमें उसको कई राज्यों में खोज रही थीं, लेकिन शाइस्ता दिल्ली में छिपी थी। इसका खुलासा गत दिनों पुलिस के हत्थे चढ़े पर मुलाकात की थी। इसके बाद वह कहां गई इसका पता नहीं चल सका। पुलिस सूत्रों की माने तो फरार चल रही शाइस्ता काफी समय से दिल्ली में स्टेशन के पास ही अपना ठिकाना बनाकर रही रही थी। वह अतीक के करीबियों से मुलाकात भी कर रही थी। पुलिस उसकी खोजबीन में जुटी है। शाइस्ता पर 50 हजार का इनाम है और अप्रैल में जैनब व आयशा पर 25-25 हजार का इनाम घोषित हुआ था। सूत्रों के मुताबिक, ऐसे से पेशी पर प्रयागराज लाए जाने के दौरान भी वह देखी गई। हालांकि, इसके बाद अचानक से वह गायब हो गई। यही हाल मेरठ की रहने वाली आयशा नूरी का रहा। आयशा नूरी व जैनब के सात ही अब शाइस्ता परवीन पर इनाम बढ़वाने की कार्रवाई भी हो सकती है। अभी उस पर 50 हजार का इनाम घोषित है। हालांकि, अब तक उसका कुछ अता-पता नहीं चल सका है। दिल्ली में उसके छिपे होने की सूचना पर पुलिस की टीमें एक बार फिर से हरकत में आ गई हैं।

# साल के अंतिम मन की बात में बोले पीएम मोदी- महाकुंभ का संदेश एक हो पूरा देश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** पीएम मोदी ने प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ का अपने मन की बात कार्यक्रम में जिक्र किया। करीब चार मिनट तक उन्होंने महाकुंभ का जिक्र किया। साथ ही गत दिनों महाकुंभ



के मद्देनजर प्रयागराज के दौरे का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल के अंतिम मन की बात कार्यक्रम में महाकुंभ का जिक्र किया। पीएम मोदी में संगम के तट पर लगने वाले महाकुंभ के महात्म्य के बारे में करीब चार मिनट तक बोले। कहा कि महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश का मंत्र सभी लोग आत्मसात करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि गंगा की अविरल धारा, न बटे समाज हमारा पर देशवासी चलें।13 जनवरी से 26 फरवरी तक होने वाले विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक आयोजन के बारे में पीएम मोदी ने कहा कि अगले वर्ष 13 जनवरी से शुरू हो रहे महाकुंभ की जबरदस्त तैयारी चल रही है। कुछ दिन पहले वह प्रयागराज गए थे। वहां हेलीकाप्टर से महाकुंभ मेला क्षेत्र की विशालता को देखे थे। बोले, दिल प्रसन्न हो गया। विशाल, सुंदर और भव्यता देख मुग्ध हो गए।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि महाकुंभ की विशेषता इसकी विशालता ही नहीं, बल्कि विविधता भी है। महाकुंभ के आयोजन में करोड़ों लोग शामिल होने जा रहे हैं। लाखों संत होंगे, हजारों परंपराएं, अनेकों अखाड़ों आ रहे हैं, जो अनेकता में एकता का दृश्य दिखेगा, जो पूरे विश्व में कहीं और नहीं। उन्होंने कहा कि यह एकता का महाकुंभ है, जो एकता के मंत्र को सशक्त करेगा। उन्होंने देशवासियों से आह्वान किया कि महाकुंभ में जाएं तो एकता का संकल्प लेकर ही लौटें।पीएम मोदी ने महाकुंभ की तैयारी में एआई के प्रयोग का भी जिक्र किया। पीएम ने कहा कि विभाजन और विद्वेश की भावना को त्याग कर लौटें। डिजिटल महाकुंभ के बारे में भी उन्होंने विस्तृत जानकारी दी। कहा कि पहली बार महाकुंभ में एआइ चैटबाट का प्रयोग हो रहा है, जो 11 भारतीय भाषाओं में है, जिस पर टेक्स्ट मैसेज और बोलकर भी महाकुंभ की सभी जानकारी प्राप्त की जा रही है।

# 26 दिन यात्रियों को मिलेगा रंगीन टिकट, यह टिकट यात्रा, ट्रेन और प्लेटफार्म का भी करेगा निर्धारण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** 45 दिनों के महाकुंभ में 26 दिन यात्रियों को रंगीन जनरल टिकट मिलेंगे। संगम नगरी के आठ रेलवे स्टेशन पर इस बार कलर कोडिंग की व्यवस्था की जा रही है। इसके तहत जिस रंग का टिकट होगा, उस रंग के लिए एक दिशा संगम नगरी के आठ रेलवे स्टेशन पर इस बार कलर कोडिंग की व्यवस्था की जा रही है। इसके तहत जिस रंग का टिकट होगा, उस रंग के लिए एक दिशा तय होगी। 13 जनवरी से शुरू हो रहे महाकुंभ के दौरान 26 दिन यात्रियों को रंगीन टिकट मिलेगा।उदाहरण के लिए, ट्रेनें पंडित दीन दयाल उपाध्याय रूट की ओर चलाई जाएंगी। इन ट्रेनों के नंबर के आगे डबल जीरो रहेगा।मकर संक्रांति पर इस रूट पर सात ट्रेनें चलाई जाएंगी। इसमें प्रयागराज से सुबह 9:30 बजे, दोपहर 12 बजे, दोपहर 3:30 बजे, शाम 6.00 बजे और रात 7:30



तय होगी। 13 जनवरी से शुरू हो रहे महाकुंभ के दौरान 26 दिन यात्रियों को रंगीन टिकट मिलेगा। महाकुंभ में पहली बार यात्रियों को सभी प्रमुख स्नान पर्वों और अन्य महत्वपूर्ण दिवसों पर रंगीन जनरल टिकट दिए जाएंगे।इससे यात्रियों को रेलवे स्टेशन पर रुकने और ट्रेन पकड़ने के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। जनरल टिकट ही उनकी यात्रा, ट्रेन, प्लेटफार्म, आश्रय स्थल का भी निर्धारण करेगा।45 दिनों के महाकुंभ में 26 दिन यात्रियों को रंगीन जनरल टिकट मिलेंगे। अगर किसी यात्री को 14 जनवरी को मकर संक्रांति को प्रयागराज से कानपुर जाना है तो उसे हरे रंग का जनरल टिकट मिलेगा। यात्री को हरे रंग के ही आश्रय स्थल में प्रवेश करना होगा। वहां संकेतक भी हरे रंग के ही होंगे। इसके माध्यम से यात्री को सीधे उसी प्लेटफॉर्म पर भेजा जाएगा जहां कानपुर जाने वाली स्पेशल ट्रेन खड़ी होगी।महाकुंभ के स्नान पर्व के लिए उत्तर मध्य रेलवे ने शनिवार को अनारक्षित ट्रेनों की समय सारिणी जारी कर दी। सबसे ज्यादा स्पेशल बजे चलेगी। इसके अलावा छिवकी स्टेशन से रात 8:30 बजे और प्रयागराज जंक्शन से रात 9:30 बजे चलेगीइसी तरह कानपुर के लिए पहली ट्रेन सुबह पांच बजे, दूसरी ट्रेन 4:05 बजे, तीसरी ट्रेन शाम 7:50 बजे और चौथी ट्रेन रात 9:30 प्रस्थान होगी। प्रयागराज से मानिकपुर, झांसी रूट के लिए पहली ट्रेन दोपहर 1:30 बजे, दूसरी ट्रेन बांदा के लिए छिवकी स्टेशन से शाम 4:45 बजे और तीसरी ट्रेन शाम छह बजे नैनी स्टेशन से चित्रकूट धाम तक जाएगी।



NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

सर्टिफिकेट इन फायर सेफ्टी एण्ड इण्डस्ट्रीयल सिक्योरिटी

फायर सेफ्टी पर जिसकी कमाण्ड, उसकी ही है ग्लोबल डिमाण्ड

कोर्स के बाद सेफ्टी सुपरवाइजर, फायर प्रोटेक्शन, सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटर आदि विभिन्न पदों पर नियुक्ति मिल जाती है। रिलीफ एजेन्सी N.G.O., डिफेन्स सर्विसेज फायर सर्विस आर्डिनेन्स फैक्ट्री, महानगर पालिका, नगर निगम, एयरपोर्ट, पावर प्लांट, स्टील प्लान्ट, माइनिंग इन्डस्ट्रीज,पेट्रोलियम कम्पनी, फूड इण्डस्ट्रीज, रिफाइनरीज, टेक्सटाइल मिल, टावर कम्पनी, इलेक्ट्रानिक कम्पनी, कोयले की खदानों एवं जहाजों आदि क्षेत्रों में फायर सेफ्टी के जानकारों को बहुत अधिक मौका मिलता है




(वरिष्ठ आई.पी.एस.) श्री अविनाश चन्द्रा
महानिदेशक
अग्निशमन सुरक्षा एवं आपात सेवा उत्तर प्रदेश

नोटः फायर सेफ्टी कोर्स करें और देश -विदेश, सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों में अच्छे पैकेज के साथ नौकरी पायें।

Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480









# काशी को मिला सिगरा स्टेडियम, नया मेडिकल कॉलेज; पूर्वांचल के दूध कारोबारियों को प्लेटफॉर्म

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** इस वर्ष हुए लोकसभा चुनाव के बाद वाराणसी में एक बार फिर कई विकास कार्य हुए। सिगरा




स्थित डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम इन विकास कार्यों का खास नमूना है। इससे पूर्वांचल के खिलाड़ियों को भी लाभ मिला है।इस वर्ष हुए लोकसभा चुनाव के बाद वाराणसी में एक बार फिर कई विकास कार्य हुए। सिगरा स्थित डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम इन विकास कार्यों का खास नमूना है। इससे पूर्वांचल के खिलाड़ियों को भी लाभ मिला है।कूड़े से चारकोल बनाने का प्लांट शुरू किया गया। टाउनहाल में गुमटियों में कारोबार करने वालों को दुकानें दी गई। सारनाथ में प्रो पुअर योजना के तहत वेंडर्स को कार्ट बांटे गए। सिगरा स्थित संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम 380.13 करोड़ की लागत तैयार कर चालू किया गया। 622 करोड़ की लागत से चालू किए गए दुग्ध प्रसंस्करण इकाई से यहां दूध की कोई कमी नहीं है। इसके अलावा ककरमत्ता फ्लाईओवर के नीचे गेमिंग जोन चालू कराया गया। 400 बेड का नया मेडिकल कॉलेज बनेगा काशी में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिहाज से 2024 सुविधाओं वाला साल रहा। जिले को जहां 400 बेड का नया मेडिकल कॉलेज मिला। प्रधानमंत्री की ओर से इसी साल आधारशिला रखने के साथ ही कॉलेज संचालन के लिए एमओयू की प्रक्रिया भी पूरी हुई। इसके अलावा आईएमएस बीएचयू में एम्स जैसी सुविधाओ की सौगात भी मिली है। उधर सरकारी अस्पतालों में जांच की नई मशीन के साथ खून जांच के बाद मोबाइल पर रिपोर्ट मिलने की व्यवस्था के इस साल शुरू होने से मरीजों को बड़ी सहूलियत हुई। शंकरा नेत्र चिकित्सालय के उद्घाटन के बाद काशी समेत पूर्वांचल और आसपास के राज्यों के आंखों को नई रोशनी की पहल भी हुई है। चिकित्सा सेवाओं के लिए हब बनती जा रही काशी में साल दर साल जहां मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है, वहीं शासन, प्रशासन ने सुविधाओं को लेकर पहल तेज कर दी है। डॉक्टरों की तैनाती से लेकर जांच, इलाज सहित अन्य सुविधाओं में भी इजाफा हुआ है। इस साल वाराणसी को पांच वंदे भारत ट्रेनें मिली। इसमें आगरा से वाराणसी, वाराणसी से नई दिल्ली, वाराणसी से देवघर, वाराणसी से रांची और पटना से लखनऊ वाया वाराणसी का संचालन शुरू हुआ। वहीं वाराणसी से मेरठ को हरी झंडी मिल गई है। जल्द ही इसका संचालन शुरू हो जाएगा। इन ट्रेनों के मिलने से लंबे रूट की यात्रा करने वालों को राहत मिली।

# सिलेंडर लदे ट्रक ने युवक को कुचला, भागने के चक्कर में हुआ एक और हादसा; भीषण चक्काजाम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** चंदौली के इमलिया गांव के पास दर्दनाक हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर धीना थाने की पुलिस भी पहुंच गई। खबर लिखे जाने तक चक्काजाम कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास किया जा रहा था। वहीं, हादसे के बाद की मांग करते हुए सड़क जाम कर दिया।सकलडीहा कोतवाली के कसवड़ गांव निवासी रामजी जायसवाल का पुत्र लालू (22) सुबह घर से अपनी बाइक से अमड़ा के लिए निकला। इमिलिश्यस गांव के मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रहे सिलेंडर लगे ट्रक ने सामने



ट्रक चालक वाहन छोड़कर भाग गया था। पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है।चंदौली के धीना थानांतर्गत इमलिया गांव मोड़ के पास रविवार की सुबह गैस सिलेंडर लदे ट्रक से कुचलकर कसवड़ गांव निवासी 22 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक सड़क किनारे मिट्टी में धंस गया, जबकि चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। आक्रोशित ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को बुलाने से टक्कर मार दी। इससे लालू की मौके पर ही मौत हो गई।भागने के चक्कर में ट्रक सड़क किनारे मिट्टी में धंस गया। इसके बाद चालक वाहन छोड़कर भाग निकला। घटना से आक्रोशित ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शव के साथ वहीं धरने पर बैठ गए। सूचना पाकर पुलिस पहुंच गई, लेकिन ग्रामीण उच्चा अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे।

# वाराणसी में ऑटो चालकों ने हड़ताल की दी चेतावनी, रेल प्रशासन पर लगाया अवैध वसूली का आरोप

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** अवैध वसूली और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए वाराणसी के ऑटो चालकों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। कहा है कि छह जनवरी को सांकेतिक हड़ताल भी



किया जाएगा। वहीं, रेल प्रशासन का आरोप है कि एक ऑटो की जगह 10 खड़े हो जाते हैं।कैंट स्टेशन पर ऑटो चालक और रेलवे प्रशासन के बीच प्रीपेड वसूली को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। ऑटो यूनियन का आरोप है कि रेलवे प्रशासन द्वारा ऑटो चालकों से 3000 रुपये की प्रीपेड राशि जमा कराने का दावा किया गया है, जबकि वास्तविकता इससे अलग है। एक ऑटो चालक को छह महीने के लिए 3000 रुपये जमा करने होते हैं, जो कि साल में 6000 रुपये बनता है। कुल 150 ऑटो स्टैंड पर प्रीपेड से 9,00,000 रुपये से अधिक की राशि जमा होती है। इसी तरह, टैक्सी प्रीपेड स्टैंड में 40 गाड़ियों के लिए 3800 रुपये प्रति वाहन की वसूली की जाती है। ऑटो चालकों का कहना है कि यदि रेलवे प्रशासन ने टेंडर प्रक्रिया शुरू की तो अवैध वसूली और अधिक बढ़ जाएगी और स्टेशन पर गाड़ियों का जाम लगने लगेगा। शहर में कुल 28,000 ऑटो चलते हैं, और यदि स्टैंड को फ्री कर दिया गया तो ऑटो चालकों की भीड़ कैंट स्टेशन पर जमा हो जाएगी, जिससे भारी दुर्व्यवस्था पैदा हो सकती है। रेल प्रशासन ने भी लगाया आरोप रेल प्रशासन का आरोप है कि एक ऑटो की जगह 10 ऑटो खड़े होते हैं, जबकि रेलवे प्रशासन के पास आरपीएफ और जीआरपी दोनों होते हुए भी इस पर उचित कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। आटो चालक यूनियन के अध्यक्ष भगवान सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले ऑटो स्टैंड में आकर सीएमआई ने ऑटो चालकों से ?3000 का प्रीपेड जमा करने के साथ 2000 रुपये अतिरिक्त देने का दबाव डाला। इस पर ऑटो चालकों ने देने से मना किया, जिसके बाद सीएमआई और डायरेक्टर के बीच मिलीभगत से टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई, जिससे ठेकेदार को मनमानी करने का मौका मिल सकता है और अवैध वसूली शुरू हो जायेगी। ऑटो चालकों ने लखनऊ मंडल के डीआरएम सहित उच्च अधिकारियों से इस मामले की विस्तृत जांच करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। आटो चालकों ने कहा है कि अगर 1 जनवरी तक प्रीपेड की रसीद नहीं काटा गया तो ऑटो चालक 6 जनवरी को सांकेतिक हड़ताल करेंगे,आने वाले महाकुंभ के यात्रियों को जो दिक्कत होगी इसकी पूरी जिम्मेदारी स्थानीय रेलवे प्रशासन की होगी।

# लूट नहीं हुई थी, 'भौकाल' जमाने के लिए बना 'रंगबाज' साइड नहीं मिला तो की थी फायरिंग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**गोरखपुर।** एसपी ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि



वे 26 दिसंबर को अपनी सफारी गाड़ी से गोरखपुर लौट रहे थे। रास्ते में सीहापार पुल के पास पिकअप गाड़ी को ओवरटेक करना चाह रहे थे, परंतु पिकअप चालक साइड नहीं दे रहा था। गुस्से में आकर अखिलेश कुमार मिश्र ने पिकअप वाहन पर लाइसेंसी रिवाल्वर से फायर कर दिया। गोरखपुर-संतकबीरनगर सीमा पर कसरवल के पास बस्ती निवासी पोल्ट्री फॉर्म संचालक के पिकअप पर फायरिंग कर 2.67 लाख रुपये लूट का मामला फर्जी निकला। एसपी ने शनिवार को इसका खुलासा करते हुए बताया कि मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि लूट के लिए नहीं, बल्कि पिकअप चालक द्वारा साइड नहीं देने पर गुस्से में लाइसेंसी बंदूक से फायरिंग की थी। पुलिस ने चारपहिया वाहन व लाइसेंसी असलहा अपने कब्जे में ले लिया है। एक आरोपी फरार है। एसपी ने बताया कि केस गोरखपुर ट्रांसफर किया जाएगा।

# वाराणसी में बदला मौसम का मिजाज, छाया घना कोहरा, बारिश का दिखा असर; वाहनों की रफ्तार पर लगे ब्रेक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** यूपी के वाराणसी में रविवार की सुबह घना कोहरा होने से टहलने वाले लोग ज्यादा दूर तक नहीं देख पा रहे थे। चाय की दुकानों पर ज्यादा भीड़ दिखी। सड़कों और हाइवे पर भारी वाहनों की रफ्तार थम गई थी।यूपी के वाराणसी में रविवार की सुबह घना कोहरा दिखाई दिया। सुबह उठते ही लोगों को चारों ओर कोहरे की सफेद चादर दिखी। कोहरा इतना अधिक था कि टहलने निकले लोग ज्यादा दूर तक नहीं देख पा रहे थे। इस कारण चाय की दुकान पर ही समय बिताया गया। लोग सिकुड़कर गप मारते नजर आए।एक दिन पहले यानी शनिवार को ही जिले में बारिश हुई थी। रूक-रूक कर तकरीब आधे घंटे तक बारिश के बाद कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो रही थी। शाम होते ही घना कोहरा दिखने लगा था वाराणसी ही नहीं पूर्वांचल के मिर्जापुर, भदोही, सोनभद्र, जौनपुर, गाजीपुर, मऊ, बलिया, आजमगढ़ सहित विभिन्न जिलों में घना कोहरा छाया रहा। ग्रामीण इलाकों में इसका असर ज्यादा दिखा। बतादें कि कुछ दिन पहले ही मौसम विभाग ने यूपी के लिए अलर्ट भी जारी किया था। वहीं, हल्की हवाएं भी ठंड में इजाफा कर रही थीं।हाइवे और सड़कों पर छोटे-बड़े सभी वाहन सुबह भी लाइट जलाकर चल रहे थे। डिपर



और इंडिकेटर का उपयोग कर पास मांगे जा रहे थे। दिसंबर के अंत में ऐसा मौसम देखकर वाराणसी आए पर्यटकों की भीड़ भी गंगा घाटों पर नजर आई। नौकायन का लुत्फ उठाया। अस्सी, नमो और दशाश्वमेध घाट के साथ अन्य स्थानों पर युवा मौज-मस्ती करते दिखे। विज्ञानियों ने दो-तीन तक इसी तरह मौसम का अंदेशा जताया है। वहीं, घरों में बच्चों और बुजुर्गों का खास ख्याल रखा जा रहा है। मौसम में पिछले तीन-चार दिन से तेजी से उलटफेर देखने को मिल रहा है। बीते शनिवार को मौसम एक बार फिर बदल गया। शहर में लोहता, चांदपुर, सारनाथ, पांडेयपुर के साथ ही ग्रामीण इलाकों में रोहनिया, चोलापुर, चिरईगांव, आराजीलाइन सहित अन्य जगहों पर कोहरा छाया रहा। बीती रात में भी कोहरा देखने को मिला था।

# मुख्तार-अफजाल के नाम पर दी धमकी, लोकसभा प्रत्याशी रहेँ व्झ् नेता की बहू ने लगाया आरोप

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** वाराणसी के सिगरा थाने में यह मामला दर्ज किया गया है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।





गाजीपुर संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी रहे पारस नाथ राय की बहू ने तीन लोगों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाया है।गाजीपुर से 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे पारस नाथ राय की बहू अनुराधा राय को मुख्तार अंसारी और अफजाल अंसारी के नाम पर धमकी दी जा रही है। प्रकरण को लेकर महमूरगंज स्थित बेबीलोन हाइड्स (डिडवानिया बिल्डिंग) में रहने वाली अनुराधा राय की तहरीर पर सिगरा थाने में उनके ही अपार्टमेंट में रहने वाले हेमंत चंडोक, उसके बेटे पार्थ चंडोक और पत्नी गुंजन चंडोक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। अनुराधा ने पुलिस को बताया कि उनके ससुर पारस नाथ राय लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र गाजीपुर से 2024 के चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी रह चुके हैं। अनुराधा ने कहा कि वह प्रकृति प्रेमी होने के कारण अपने फ्लैट के आसपास फूल, पत्तियां और पौधे लगा रखी हैं। उनके अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 703 में रहने वाले हेमंत चंडोक, उनका बेटा पार्थ चंडोक और पत्नी गुंजन चंडोक आए दिन उन्हें और उनके परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौज करते हैं।इसके अलावा माफिया मुख्तार अंसारी और अफजाल अंसारी के नाम से जान से मारने की धमकी देना तीनों की आदत में शुमार है। पहले तो उन्होंने नजरअंदाज किया, लेकिन अब यह आए दिन की घटना हो गई है। गत 22 दिसंबर की रात लगभाग 1:50 बजे पति, पत्नी और बेटा शराब के नशे में धुत होकर आए। तीनों ने उनके फ्लैट के बाहर रखे गमले को उठाकर फेंक दिया। इसके बाद उनके फ्लैट के बाहर खड़े होकर गाली-गलौज की। इसके साथ ही उनके फ्लैट के दरवाजे को काफी देर तक पीटते रहे।


# रायबरेली विकास प्राधिकरण, रायबरेली सार्वजनिक नोटिस

जनसाधारण को यह सचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक ने नीचे सारणी के स्तम्भ-3 में उल्लिखित सम्पत्ति, जो प्राधिकरण की मलिकमऊ कालोनी के अन्तर्गत स्थित है, का अंतरण/नामांतरण अपने नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया हैः-

| क्रम संख्या | मूल आवंटी का नाम | भूखण्ड /भवन /फ्लैट संख्या | योजना का नाम | आवेदक का नाम (पिता/ पति का नाम सहित) | आवेदक का पता एवं दूरभाष संख्या | अन्तरण/ नामान्तरण का आधार | पट्टाधृत/पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | श्री आनन्द कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व0 विजय बहादुर श्रीवास्तव निवासी गुलाब रोड, रायबरेली | भवन संख्या ई0 डब्लू0ए स0—10 | मलिकमऊ कालोनी | श्री प्रकाश नारायण पुत्र स्व0 महेन्द्र दत्त पाठक | निवासी सेक्टर— I, दूरभाष नगर, रायबरेली | मृत्यू उपरान्त नामान्तरण | पूर्ण स्वामित्व यूक्त सम्पत्ति |

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त भवन/भूखण्ड के अन्तरण/नामान्तरण के विरुद्ध कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्तियां सहायक दस्तावेजों सहित इस नोटिस के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 30 दिन के भीतर सचिव, रायबरेली विकास प्राधिकरण, रायबरेली को प्रस्तुत कर सकता/सकती है अन्यथा स्तम्भ-5 में अंकित व्यक्ति के नाम से सम्पत्ति का अंतरण/नामान्तरण प्राधिकरण के अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा और कोई पश्चातवर्ती दावा, यदि कोई हो, ग्रहण नही किया जायेगा।

सचिव
रायबरेली विकास प्राधिकरण
रायबरेली।


# आर्थिक तंगी के बाद उठाया खौफनाक कदम, मजदूरी कर पालते थे पेट; मचा कोहराम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** घर के पास लाश मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर सरायमोहना चौकी की पुलिस भी पहुंच गई। आसपास के लोगों और परिजनों से पूछताछ के बाद शव नीम के पेड़ से शव को लटकते हुए देखा। मृतक की माता निशा देवी की मौत पहले ही हो चुकी है, जिस कारण मृतक अपने दो बहनों के साथ अपने नाना रामप्रसाद के यहां रहता था। बड़ी बहन की शादी हो



को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मामला आर्थिक तंगी का बताया जा रहा है। सारनाथ के सरायमोहना चौकी अंतर्गत कोटवा में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। रविवार की सुबह पड़ोसियों ने युवक को नीम के पेड़ से लटकते हुए देखा। इस घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक के मामा मनोज ने बताया कि भोलू गोंड (18) विद्याबिहार इंटर कॉलेज में इंटर का छात्र था। इसके साथ ही वह मजदूरी का कार्य करता था। मामा के अनुसार, घर में आर्थिक तंगी से भोलू परेशान रहा करता था। इसकी वजह से वह स्कूल भी कम ही जाया करता था। बीती रात को भोलू घर से निकला, लेकिन वापस नहीं आया। सुबह जब पड़ोसी टहल रहे थे, उसी समय घर के बगल में चुकी है। पिता महावीर घर से बाहर किसी आश्रम में रहते हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। युवक ने फांसी लगाकर दी जान तुलाचक गांव का विकास कुमार (22) ने अपने कच्चे घर में धरन के सहारे गमछे से फांसी लग लिया। किसी काम से जब उसकी मां दंगी देवी कमरें में गईं तो देखा कि विकास फंदे पर लटक रहा है। यह देखकर वह चिल्लाने लगी। आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। आननफानन में लोग उसे डॉक्टर के पास ले गए, जहां विकास को मृत घोषित कर दिया थाना प्रभारी प्रवीण कुमार भी पहुंचे। मृतक तीन भाईयों में सबसे छोटा था। सगड़ी चलाता था। शादी नहीं हुई थी। मांता दंगी देवी और पिता राजेंद्र प्रसाद का रो-रो कर बुरा हाल हो गया था।


# हिन्दुओं से बच्चे पैदा करने की अपील का मामला, कर्मकांड परिषद ने कही बड़ी बात; युवा साधु-साध्वी को दी सीख

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** काशी में बीते दिनों आयोजित कार्यक्रम के दौरान एक कथावाचक ने हिन्दुओं से ज्यादा बच्चे पैदा करने को कहा था। इसके बाद रवींद्रपुरी स्थित वेद पारायण केंद्रम में बातचीत के दौरान आचार्य अशोक द्विवेदी ने कहा कि हिंदुओं को ढेर सारे बच्चे पैदा करने का ज्ञान देने वाले साधु-संन्यासियों से नम्र निवेदन



सोशल मीडिया पर यह बात ट्रेंड होने लगी। इस बीच, काशी विद्वत कर्मकांड परिषद ने युवा साधु और साध्वियों से खास निवेदन किया है।काशी विद्वत कर्मकांड परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य अशोक द्विवेदी ने कहा कि अभी कुछ साधु-साध्वी फेसबुक के माध्यम से कह रहे हैं कि हिंदुओं को खूब बच्चा पैदा करना चाहिए। मैं ऐसे साधु और साध्वी लोगों से नम्र निवेदन पूर्वक कहना चाहूंगा कि गृहस्थ आश्रम में आ जाइए। विवाह कर लीजिए संतान को जन्म दीजिए। इससे धर्म बढेगा, राष्ट्र बढ़ेगा, संविधान की शक्ति बढ़ेगी और आप सब बढ़ेंगे। करना चाहूंगा कि गृहस्थ आश्रम में प्रवेश करके बच्चों को जन्म दें। यह अविवाहित जीवन सनातन धर्म को स्वीकार नहीं है।अत्युतकट संन्यास लाखों में किसी एक को प्राप्त होता है। जगदुरु शंकराचार्य महाराज को अत्युतकट संन्यास प्राप्त हुआ था। मैं बार-बार यह कहना चाहूंगा कि गृहस्थ आश्रम की जो पूंजी है उससे धर्म की वृद्धि होती है, शासन की शक्ति बढ़ती है और संविधान की मर्यादा होती है। विवाह जरूर करें, विवाह करेंगे तो वृद्ध होंगे और जिसको आपने जन्म दिया है वह एक पेड़ की तरह छाया बनेगा।

# सोनभद्र, मिर्जापुर



## मानस पाठ के छठे दिन भगवती सीता के हरण की सूचना जटायु ने दी श्रीराम को

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र।** नगर स्थित आर. टी एस. क्लब मैदान में चल रहे श्री रामचरितमानस नवाह पाठ महायज्ञ के छठे दिन प्रातः की मंगला आरती समिति के मुख्य यजमान सत्यपाल जैन, महामंत्री सुशील पाठक, शिशु त्रिपाठी सहित अन्य भक्तों ने भव्यता के साथ की। इसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ किया गया फिर छठे दिन के मानस पाठ प्रारंभ हुआ।कथा प्रसंग पर चर्चा करते हुए मुख्य व्यास श्री श्री सूर्य लाल मिश्र ने जयंत की कुटिलता और फल प्राप्ति, अत्री मिलन एवं स्तुति, श्री सीता अनसूया मिलन और श्री सीता जी को अनसूया जी का पतिव्रत धर्म कहना, श्री राम जी के आगे प्रस्थान विराट बध और राक्षस वध की प्रतिज्ञा करना, स्वर्ण मृग मरीचिका का मारा जाना, सीता हरण और सीता जटायु रावण युद्ध श्री राम जी का विलाप जटायु प्रसंग, सबरी पर कृपा, नारद राम संवाद आदि विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि- रामचरितमानस का एक-एक दोहा, चौपाई, छंद मंत्र है और प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह किसी भी धर्म, जाति, संप्रदाय का हो इसका पाठ करना चाहिए इससे उसे भवसागर से मुक्ति प्राप्त हो सकती है।नारायण से नर बने प्रभु श्री राम विलाप कर रहे हैं- हे खग मृग हे मधुकर श्रेणी। तुम देखी सीता मृग नयनी।। खंजन सुक कपोत मृग मीना। मधुप निकर कोकिला



प्रवीणा।श्री राम के श्री मुख से आज पशु- पक्षी, पेड़- पौधे अपनी प्रशंसा सुनकर हर्षित हो रहे हैं, श्री राम जी के विलाप से ऐसा प्रगट हो रहा है कि मानो कोई महावीरही और अत्यंत कामी पुरुष पत्नी की खोज में जंगल- जंगल भटक रहा हो।वही उसके एक दिन पूर्व रात्रि प्रवचन में कथा व्यास नीरज जी भैया ने भरत चरित्र की कथा का बड़ा ही मार्मिक प्रसंग का वर्णन किया उन्होंने बताया कि भरत ने अपने प्रश्न उत्तर से गुरु वशिष्ठ को चुप करा दिया। भरत ने वशिष्ठ मुनि से बोले कि इतना सामर्थ होते हुए ब्रह्मा जी से कालखंड में परिवर्तित करा दिया। जहां सतयुग के बाद द्वापर, त्रेता तब कलयुग होना चाहिए लेकिन आपने तो सतयुग के बाद त्रेता ला दिया तब राम जी के वनवास को क्यों नहीं रोक पाएं।उन्होंने आगे कहा कि कहा कि भरत महा महिमा जस राशि। भरत जी साक्षात जल अर्थात अघात जल के सरोवर हैं माता और गुरुजी के समझाने पर भी राज्य को स्वीकार न किया।? और पूरे राज्य के लोगों ने लेकर राम जी को मनाने चित्रकूट पहुंच गए। इस अवसर पर पूर्व विधायक भगवती चौधरी, अयोध्या दुबे, सुधाकर पांडे, अवधेश पांडे, संगम गुप्ता, घनश्याम सिंघल, कृष्ण मुरारी गुप्ता, हरीश अग्रवाल, विनोद झुनझुनवाला, विमल अग्रवाल, प्रदीप मोदनवाल, अजीत जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

## महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देशःअजीत रावत

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी जनपद सोनभद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को विधानसभा रावट्र्सगंज वार्ड नंबर 13 हर्ष नगर बूथ संख्या 21 22



23 पर सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ अनुसूचित मोर्चा की क्षत्रिय अध्यक्ष सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत द्वारा मान की बात कार्यक्रम सुना गया। श्री राम ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के जरिए लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को नए साल की शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा पीएम मोदी ने संविधान पर भी बात की। 'मन की बात' के 117वें एपिसोड में पीएम मोदी ने कहा कि 2025 में 26 जनवरी को हमारे संविधान को लागू हुए 75 वर्ष होने जा रहे हैं। हम सभी के लिए बहुत गौरव की बात है। हमारे संविधान निर्माताओं ने हमें जो संविधान सौंपा है, वो समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। संविधान हमारे लिए दिशा दिखाने वाली रोशनी है, हमारा मार्गदर्शक है। यह भारत का संविधान ही है जिसकी वजह से वह आज यहां हैं।वही प्रधानमंत्री ने कहां की प्रयागराज में दिव्य और भव्य कुंभ लग रहा है!!ष्ठ.महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश.ष्ठ!!!!ष्ठ.महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश.ष्ठ!!क्ष्एकताकामहाकुंभ और खेलेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया पर प्रोत्साहन करते हुए तमाम योजनाओं के बारे में बताया इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा के जिले के महामंत्री विनय श्रीवास्तव बंटी भारती राजेंद्र चौबे आलोक रावत संजय कुमार पासवान दिनेश भारती राम विचार रावत संजय कुमार पासवान सुरेंद्रनाथ संध्या देवी सुनीता देवी अभिषेक चंद्रा राजेश कुमार भारती अमित रावत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता रहे।

## समाधान दिवस : 18 में से नौ थानों में एक भी शिकायत का निपटारा नहीं

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मिर्जापुर।** जिले के 18 थानों में से नौ पर समाधान दिवस पर एक भी शिकायत का निपटारा नहीं किया गया। थाना समाधान दिवस पर कुल 157 शिकायतें आईं। इनमें से




21 ही निपटारा हो पाया। बारिश के चलते फरियादी भी कम पहुंचे। थानों पर ज्यादातर जमीन संबंधी मामले आए। समाधान दिवस पर शहर कोतवाली में छह में तीन, कटरा में 21 में दो, विंध्याचल में 14 में से तीन, चील्ह में 13 में से एक, कछवां में 22 में से सात, लालगंज में छह में से एक, हलिया में 11 में से दो, चुनार में आठ में से एक, अदलहाट में आठ में से एक मामले का निपटारा हुआ। देहात में आए नौ, पड़री में पांच, जिगना में आठ, ड्रमंडगंज में 10 , संतनगर में एक, जमालपुर में दो, अहरौरा में 10, राजगढ़ में छह और मड़िहान में आए सात मामलों में एक का भी मौके पर निपटारा नहीं हुआ। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने शहर कोतवाली में लोगों की समस्याएं सुनीं। शिकायतों के निपटारे के लिए उन्होंने कोतवाल नीरज पाठक व अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए। हलिया थाने में तहसीलदार लालगंज तरुण प्रताप सिंह ने लोगों की समस्याएं सुनीं। जिगना में एसडीएम भरत लाल सरोज ने लोगों की शिकायतें सुनीं। मड़िहान में थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने लोगों की समस्याएं सुनीं। जमालपुर मे थानाध्यक्ष विजय कुमार ने लोगों की समस्याएं सुनीं। मड़िहान एसडीएम युगांतर त्रिपाठी ने संतनगर थाने में लोगों की समस्याएं सुनीं। चील्ह थाने में सीओ सदर अमर बहादुर ने लोगों की समस्याएं सुनीं। चुनार कोतवाली में एसडीएम राजेश कुमार वर्मा व थानाध्यक्ष रविंद्र भूषण मौर्य ने लोगों की समस्याएं सुनीं। ड्रमंडगंज में एसडीएम लालगंज आशाराम वर्मा ने लोगों ने शिकायतें सुनीं।

## कोटारनाथ धाम में दो लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ और माता पार्वती के किए दर्शन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**हलिया।** ठंड और खराब मौसम के बावजूद शनिवार को आस्था भारी पड़ी। अदवा नदी के मध्य टीले पर स्थित प्रसिद्ध कोटारनाथ धाम में दो लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती के दर्शन-पूजन किए।शनिवार को सुबह से हो रही बूंदाबांदी के बावजूद क्षेत्रीय तथा दूर-दराज से काफी संख्या में श्रद्धालु अदवा नदी में स्नान के बाद भीगते हुए दर्शन के लिए कतारबद्ध होकर अपनी बारी की प्रतीक्षा करने लगे। काफी देर बाद मंदिर में पहुंच कर लोगों ने भोलेनाथ को बेल पत्र, भांग, धतूरा आदि चढ़ाकर दर्शन-पूजन किए। इस दौरान बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारे से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। दर्शन पूजन के बाद ज्यादातर श्रद्धालुओं ने अदवा नदी के तट पर बाटी-चोखा एवं पूड़ी सब्जी बनाकर प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया। दर्शनार्थियों ने मेले में लगी दुकानों से प्रसाद तथा सौंदर्य प्रसाधन आदि सामग्री की खरीदारी की। मेला क्षेत्र में वाहनों को रोकने के लिए चार स्थानों पर बैरियर लगाए गए थे। वहां सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई थी। मेला क्षेत्र में खोया-पाया केंद्र नहीं होने से भूले-बिछड़े लोगों को खोजने में लोगों को परेशानी हुई। मंदिर के पुजारी जयराम गिरि तथा शिवराम गिरि ने बताया कि शनिवार को भोर से ही कोटार धाम में भगवान शिव तथा माता पार्वती के दर्शन-पूजन का सिलसिला शुरू हो गया। उन्होंने बताया कि देर शाम तक दो लाख से ज्यादा शुद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किए। मेला क्षेत्र में ग्राम प्रधान विनोद सिंह की तरफ से भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया जा रहा था।उधर, पौष त्रयोदशी पर शनिवार को बाबा बदेवरानाथ धाम शिव भक्तों से पटा रहा। शनिवार को भोर से ही बाबा के जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हो गया। वार्षिक श्रृंगार के दौरान मंदिर को फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था। खराब मौसम के बावजूद काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ के दर्शन-पूजन किए। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थानाध्यक्ष शैलेश कुमार राय मेला क्षेत्र में भ्रमण करते रहे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ग्राम प्रधान माहेश्वरी उपाध्याय, राजस्व निरीक्षक ओम प्रकाश उपाध्याय व महंत महेंद्र गिरि सहयोगियों के साथ मंदिर व मेला क्षेत्र में लगे रहे।

## सूर्यदेव के नहीं हुए दर्शन, दिन भर बूंदाबांदी से बढ़ी गलन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मिर्जापुर।** दिन भर हुई बूंदाबांदी से शनिवार को मौसम बदल गया। तेज हवाएं और बूंदाबांदी से तापमान में गिरावट हो गई। दिन भर सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए। गलन बढ़ने से चौराहों-तिराहों पर राहगीर ठिठुरते नजर आए।शनिवार को बादलों के साथ दिन की शुरूआत



हुई। कुछ देर बूंदाबांदी हुई तो लोगों को लगा कि मौसम खुल जाएगा, लेकिन बूंदाबांदी पूरे दिन जारी रही। तेज हवाओं के कारण गलन भी बढ़ गई। ठंड के चलते अन्य दिनों की अपेक्षा बाजारों में भीड़ कम रही। शनिवार को अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि एक दिन पहले शुक्रवार को अधिकतम तापमान 27 और न्यूनतम 16 डिग्री सेल्सियस था। दिन और रात के तापमान में 7 से 3 डिग्री सेल्सियस के अंतर के कारण दिसंबर के अंतिम सप्ताह में गलन बढ़ गई। उधर, बारिश से किसानों के चेहरे खुशी से खिले उठे। हलिया क्षेत्र में सुबह से बूंदाबांदी होने से किसान इसे लाभदायक बता रहे हैं। उधर, धान खरीद केंद्र हलिया प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं भटवारी अहुगी कला हर्रा पर तौल के बाद रखो धान को लेकर केंद्र प्रभारी और किसान परेशान रहे। जिला कृषि अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार यादव ने बताया कि बारिश गेहूं, सरसों, मसूर, जौ, चना, अलसी आदि की फसलों के लिए फायदेमंद है। मौसम पूर्वानुमान के आधार पर ग्रामीण कृषि मौसम सेवा भू-भौतिकी विभाग बीएचयू वाराणसी के नोडल अधिकारी प्रो. रवि शंकर सिंह व तकनीकी अधिकारी (मौसम वैज्ञानिक) शिव मंगल सिंह ने बताया कि दिन और रात के तापमान में उतार-चढ़ाव के चलते तीन-चार दिनों तक आसमान में बादल छाए रहेंगे। 29 दिसंबर को भी कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। बारिश के चलते ठंड में इजाफा होगा।

## पिकअप की टक्कर से राहगीर की चली गई जान

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मिर्जापुर।** देवापुर तिराहा के पास शुक्रवार की रात पैदल घर लौट रहे राहगीर को पिकअप चालक ने टक्कर मार दिया। इस हादसे में राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने परिजनों को बुलवाया। जब तक परिजन घायल को इलाज के लिए अस्पताल लेकर जाते, उसकी मौत हो गई।देवापुर पचवल गांव निवासी राममूरत (58) शुक्रवार की रात सामान लेने तिराहे की ओर गए थे। वहां से सामान लेकर पैदल घर लौट रहे थे। इस बीच रास्ते में सामने से आ रही पिकअप ने टक्कर मार दिया। इस हादसे में राममूरत गंभीर रूप से घायल हो गए।

## अभ्यर्थी के पास मिला स्वतंत्रता सेनानी का फर्जी ताम्रपत्र

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मिर्जापुर।** पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा में शारीरिक परीक्षण के तीसरे दिन शनिवार को पहुंची एक महिला अभ्यर्थी के अभिलेखों की जांच में



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का फर्जी ताम्र पत्र मिला। उस पर जिलाधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर थे। पुलिस फर्जी हस्ताक्षर कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का ताम्र पत्र बनवाए जाने की आशंका पर जांच में जुट गई है। जांच के लिए टीमों का गठन किया गया है।उधर, शारीरिक परीक्षण में सात अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। एक अभ्यर्थी वजन अधिक होने और एक लंबाई कम होने पर अनफिट घोषित की गई। 51 महिला अभ्यर्थियों का शनिवार को शारीरिक मानक परीक्षण और अभिलेखों की जांच की जानी थी। एएसपी ऑपरेशन ओपी सिंह, सीओ चुनार मंजरी राव की निगरानी में अभिलेखों का परीक्षण किया गया। सुबह करीब साढ़े आठ बजे अभ्यर्थी लाइन में लगकर परीक्षण कक्ष में गए। वहां जांच की गई। सीओ चुनार मंजरी राव ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा के आधार पर चयन प्रक्रिया के अगले चरण में अभिलेखों की जांच व शारीरिक मानक परीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सात अभ्यर्थी अनुपस्थित रहीं। एक महिला अभ्यर्थी का वजन अधिक मिरा और दूसरे की लंबाई कम थी। एक महिला अभ्यर्थी के अभिलेखों की जांच के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का ताम्र पत्र मिला। जिसकी जांच की गई तो वह प्रथम दृष्टया फर्जी पाया गया। अभ्यर्थी से पूछताछ की गई। ताम्र पत्र में जिलाधिकारी का हस्ताक्षर फर्जी था। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रक लेकर भागने के आरोप में तीन गिरफ्तार, दरोगा समेत दो निलंबित

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**अदलहाट/मिर्जापुर।** हाजीपुर स्थित एकेएस बालू मंडी में सीज कर खड़े किए गए ओवरलोड ट्रकों को पुलिस की निगरानी के बावजूद लेकर भागने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। गायब 17 ट्रकों में से सात ट्रकें ही अब तक बरामद हो सकी हैं। इस मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने ड्यूटी पर तैनात उप निरीक्षक व हेड कांस्टेबल को निलंबित कर जांच का आदेश दिया है।26 दिसंबर की रात एसडीएम चुनार राजेश वर्मा के नेतृत्व खनिज, परिवहन और पुलिस की टीम ने अहरौरा और अदलहाट थाना क्षेत्र में जांच अभियान चलाकर 108 ओवरलोड और बिना परमिट के जा रहे ट्रकों को पकड़ा था। ट्रकों पर बालू व गिट्टी लदी थी। वाहनों को अहरौरा और अदलहाट थाने की पुलिस की निगरानी में खड़ा कराया गया था। इसमें से अदलहाट थाना क्षेत्र के हाजीपुर एकेएस बालू मंडी में पुलिस की निगरानी में 37 ट्रकें सीज किए जाने के बाद खड़ी कराई गई थीं। वहां पुलिस की ड्यूटी लगी थी। दबंग पुलिस की निगरानी के बावजूद रात करीब साढ़े 10 बजे 17 ट्रकें लेकर भाग गए। ओवरलोड 17 ट्रकों को लेकर भागने के मामले को पहले दबाने का प्रयास किया गया, परंतु 27 दिसंबर को यह मामला तूल पकड़ने लगा। इसके बाद पुलिस सक्रिय हुई। पुलिस बालू मंडी के मुंशी नमो नरायण, दो अज्ञात समेत 17 ट्रकों के चालकों और मालिकों पर मुकदमा दर्ज कर वाहनों की तलाश में जुट गई। पुलिस ने गाड़ी लेकर भागने के आरोप में बालकिशुन यादव निवासी बलिया खुर्द थाना चकिया जनपद चंदौली, सूरज निवासी गोठानी थाना जुगैल जनपद सोनभद्र व सुनील यादव निवासी विशुनपुरा थाना जंगीपुर जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार कर सात ट्रकें बरामद की है। उधर, पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने ड्यूटी पर लापरवाही बरतने के आरोप में उप निरीक्षक मुनीम गुप्ता व हेड कांस्टेबल सोम्मर यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जांच का आदेश दिया है। एएसपी ऑपरेशन ओपी सिंह के अनुसार बालू, गिट्टी और भस्सी लदे 37 ट्रकें सीज किए जाने के बाद मंडी में खड़ी कराई गई थीं। वहां के मुंशी, उप निरीक्षक और हेड कांस्टेबल की निगरानी में ट्रकें सौंपी गई थीं। रात में 17 ट्रकें लेकर चालक वहां से भाग गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सात ट्रकों को बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। लापरवाही बरतने पर पुलिस अधीक्षक ने उपनिरीक्षक और हेड कांस्टेबल को निलंबित कर जांच का आदेश दिया है।

## पुलिस की निगरानी में लेकर भागे 17 ट्रक, तीन अरेस्ट एसपी ने दो पुलिसकर्मियों को किया निलंबित

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मिर्जापुर।** मिर्जापुर में पुलिस की नाक के नीचे चलने वाले इस खेल की काफी चर्चा हो रही है। एसपी



ने तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित करने के साथ ही मामले की जांच के आदेश दिए हैं। ट्रकों की निगरानी के लिए उपनिरीक्षक मुनीम गुप्ता व हेड कांस्टेबल सोम्मर यादव की ड्यूटी लगाई गई थी।मिर्जापुर के अदलहाट थाना क्षेत्र के हाजीपुर से पकड़े गए ओवरलोड ट्रैकों को लेकर भागने वाले लोगों पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में ड्यूटी पर तैनात उपनिरीक्षक व हेड कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया।एएसपी ऑपरेशन ओपी सिंह ने बताया कि पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना अदलहाट क्षेत्र से चेकिंग के दौरान बालू, गिट्टी, भस्सी आदि से लोड 37 ट्रक को सीज कर हाजीपुर मंडी में खड़ा कराया गया था। ट्रकों की निगरानी के लिए उपनिरीक्षक मुनीम गुप्ता व हेड कांस्टेबल सोम्मर यादव की ड्यूटी लगाई गई थी।बीते 26 दिसम्बर की रात में हाजीपुर मंडी से चोरी-छिपे 17 ट्रक वहां से चले गए। सूचना पर अदलहाट पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर बाल किशुन यादव निवासी बलिया खुर्द थाना चिकया (चन्दौली), सूरज निवासी गोठानी थाना जुगैल (सोनभद्र) व सुनील यादव निवासी विशुनपुरा थान जंगीपुर (गाजीपुर) को गिरफ्तार कर सात ट्रक को बरामद कर लिया गया।पुलिस अधीक्षक अभिनंदन द्वारा ड्यूटी पर लापरवाही बरतने वाले उपनिरीक्षक मुनीम गुप्ता तथा हेड कांस्टेबल सोम्मर यादव को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर विभागीय जांच बैठाई गई है। मुकदमें से संबंधित शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## सिंगरौली ने महाकाल ओबरा को हराकर जीता उद्घाटन मैच

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**ओबरा।** स्थानीय आंबेडकर स्टेडियम में शनिवार को स्व.कन्हैया जायसवाल ने शुभारंभ कराया। इसके बाद खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनकी हौसलाफजाई की।




लाल मेमोरियल 16वीं राज्य स्तरीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप की शुरुआत हुई। उद्घाटन मैच सिंगरौली और महाकाल ओबरा की टीम के बीच हुआ। इसमें सिंगरौली की टीम 31-28 के अंतर से विजेता रही।मुख्य अतिथि ओबरा नगर पंचायत अध्यक्ष चांदनी एवं ईओ मधुसूदन पहला पहला मुकाबला सिंगरौली और महाकाल क्लब ओबरा के बीच खेला गया। रोचक मैच में सिंगरौली की टीम विजेता बनी। उद्घाटन के मौके पर अधीक्षण अभियंता इं. एके राय, अध्यक्ष प्रतिनिधि श्रवण कुमार, एक्सईएन इं. अजय प्रताप सिंह, सीताराम, इं. प्रवीण सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक माह पहले बनी सड़क पर पड़ गई दरार, लोगों में गुस्सा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**चोपन।** सड़कों की गड्ढा मुक्ति और मरम्मत कार्य पर लाखों खर्च के बाद भी आम जनता को राहत नहीं मिल रही। कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी का हाल यह है कि 15-20 दिनों में ही सड़कें उखड़ने लग रही हैं। ताजा मामला चोपन ब्लॉक के भरहरी मार्ग का है। करीब 20 दिन पहले बनी सड़क पर जगह-जगह मोटी दरारें पड़ गई हैं। इससे लोगों में गुस्सा है।चोपन से भरहरी जाने वाली इस सड़क का निर्माण अरसे बाद हुआ है। लोगों को उम्मीद थी कि अब अच्छी सड़क पर चलने का मौका मिलेगा। कुछ दिनों में ही यह उम्मीद टूटती दिख रही है। सड़क पर जगह-जगह मोटी दरारें पड़ने लगी हैं। स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत संबंधित जेई से की थी तो कहा था कि इसे ठीक करा दिया जाएगा, मगर फिर से रोड का हिस्सा अलग-अलग होने लगा।स्थानीय रहवासियों के मुताबिक सिर्फ काला मोबिल और महीन गिट्टी के घोल से सड़क की मरम्मत कराई गई है। मानक के अनुरूप कार्य न होने से यह स्थिति है।




इस बाबत पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन शैलेश ठाकुर का कहना है कि कुछ जगह सड़क क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिली है। इसे ठीक करा दिया जाएगा। बताया कि मार्ग पर बालू लदे वाहनों की आवाजाही से ऐसी दिक्कत आ रही है। बालू लदे वाहनों से पानी सड़क पर गिरता है।

## बकाया बिल होने पर 45 उपभोक्ताओं के काटे कनेक्शन



**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**बीजपुर।** क्षेत्र के बखरिहवा फीडर अन्तर्गत चेतवा मोड़ में शुक्रवार को बिजली बिल जमा एवं विशेष छूट के लिए मेगा कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में सुबह ही क्षेत्र के ग्रामीण उपभोक्ताओं की भीड़ बिल जमा करने के लिए उमड़ पड़ी।इस दौरान छूट के बाद कुल 2.95 लाख रुपये राजस्व खाते में जमा कराए गए। वहीं बिल नहीं जमा करने वाले 45 उपभोक्ताओं के घरों से कनेक्शन काट दिए गए। उपखंड अधिकारी म्योरपुर शिवम गुप्ता के नेतृत्व में कैंप आयोजित हुआ। बताया कि पहले चेतवा में कैंप होना था। बाद में नेटवर्क समस्या आने के कारण दोपहर बाद नेमना में कैंप स्थल बदला गया। इसमें महज 80 लोगों ने ही बिल जमा किया।

# स्पोर्ट्स







## कौन हैं 19 साल के सैम कोंस्टास बुमराह-सिराज की कर दी धुनाई, डेब्यू मैच में ही बना डाला रिकॉर्ड

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कोंस्टास ने 65 गेंद में 60 रन की मनोरंजक पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने छह चौके और दो छक्के लगाए। उन्होंने जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज जैसे गेंदबाजों की जमकर धुनाई की।कोंस्टास ने 52 गेंद पर अंतरराष्ट्रीय करियर और टेस्ट करियर का पहला छक्के लगाए हों। ओवरऑल वह दूसरे बल्लेबाज हैं। इससे पहले 2018 में जोस बटलर ने ऐसा किया था। बुमराह ने बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले तक अपने ओपनिंग स्पेल में टीम के लिए अपना पहला मैच खेला था। कप्तान पैट कमिंस चार्ट पर दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 2011 में 18 साल और 193 दिन की उम्र में डेब्यू किया था। टॉम गैरेट तीसरे स्थान पर हैं और क्लेम हिल चार्ट में पांचवें स्थान पर हैं। कोंस्टास ने बुमराह के पहले स्पेल में 33 गेंद पर 34 रन बनाए। यह बुमराह द्वारा अपने पहले स्पेल में किसी बल्लेबाज के खिलाफ दिए गए सबसे ज्यादा रन हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक के नाम था। उन्होंने 2018 में बुमराह के पहले स्पेल में 40 गेंद में 25 रन बनाए थे। वहीं, 2018 में ही अपने डेब्यू टेस्ट पर बुमराह के पहले स्पेल में फाफ डु प्लेसिस ने 18 गेंद में 23 रन बटोरे थे। यह लिस्ट में तीसरे स्थान पर है। कोंस्टास का नाम पर्थ टेस्ट के बाद भारत के खिलाफ दो दिवसीय अभ्यास मैच में चर्चा में आया था। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री इलेवन के लिए खेलते हुए भारत के खिलाफ कोंस्टास ने शतक जमाया था और सुर्खियां बटोरीं। कोंस्टास ने इस टेस्ट से पहले अपने 11 प्रथम श्रेणी मैचों में 42.2 की औसत से 718 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं। कोंस्टास ने ऑस्ट्रेलिया की 2024 में ऑस्ट्रेलिया की अंडर 19 विश्व कप जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।उन्होंने एक शतक सहित सात पारियों में 27.28 की औसत से 191 रन बनाए थे। कोंस्टास ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलिया ए और भारत ए के बीच दो मैचों की सीरीज में भी हिस्सा लिया था। इस दौरान उन्होंने चार पारियों में 92 रन बनाए थे। इसमें एक मैच जिताऊ 73 रन की नाबाद पारी भी शामिल है। मौजूदा शेफील्ड शील्ड सीजन में कोंस्टास 58.87 की औसत से पांच मैचों में 471 रन के साथ पांचवें सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। इसमें दो शतक और एक अर्धशतक शामिल है। 152 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है।



जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज जैसे गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। बॉक्सिंग डे टेस्ट की शुरुआत हो चुकी है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस टेस्ट के लिए नाथन मैकस्वीनी की जगह 19 साल के युवा बल्लेबाज सैम कोंस्टास को मौका दिया। इस बल्लेबाज ने टीम मैनेजमेंट और कप्तान पैट कमिंस के फैसले को सही साबित करते हुए अर्धशतक जड़ दिया। खास बात तो यह रही कि कोंस्टास ने 100 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हुए अर्धशतक बनाया। इसी के साथ उन्होंने रिकॉर्ड भी बना दिया। उन्होंने न सिर्फ अर्धशतक जड़ा, बल्कि पहली गेंद से भारतीय गेंदबाजों पर हावी रहे। कोंस्टास ने 65 गेंद में 60 रन की मनोरंजक पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने छह चौके और दो छक्के अर्धशतक जड़ा। 19 साल के इस बल्लेबाज ने अपने पहले मैच में बुमराह तक को सोचने पर मजबूर कर दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए वह अच्छी खोज साबित हुए हैं। इस बात का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि बुमराह ने अपने शुरुआती छह ओवर में 38 रन लुटा दिए थे। उनका इकोनॉमी रेट 6 से ऊपर का रहा। बुमराह के छठे ओवर में कोंस्टास ने 18 रन बटोरे। इसके बाद उन्हें बॉलिंग लाइन अप से हटा दिया गया। टेस्ट क्रिकेट का रिकॉर्ड जब से उपलब्ध है, तब से शुरुआती 10 ओवर में 23 स्कूप या रिवर्स स्कूप लगे हैं। इनमें से पांच तो कोंस्टास ने अपनी डेब्यू पारी में लगा दिए। इतना ही नहीं कोंस्टास 2018 के बाद ऐसे पहले बल्लेबाज भी बन गए, जिन्होंने किसी टेस्ट की पारी में बुमराह की गेंद पर दो तीन टेस्ट में 54 रन खर्च किए थे और आठ विकेट झटके थे। वहीं, इस टेस्ट की ओपनिंग स्पेल में बुमराह ने छह ओवर में 38 रन खर्च कर दिए। कोंस्टास टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के लिए अर्धशतक जड़ने वाले दूसरे सबसे युवा बल्लेबाज भी बन गए। उन्होंने 19 साल 85 दिन की उम्र में अर्धशतक लगाया। उनसे ऊपर सिर्फ इयान क्रेग हैं। क्रेग ने 1953 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मेलबर्न में 17 साल 240 दिन की उम्र में अर्धशतक लगाया था।कोंस्टास गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया के लिए चौथे सबसे युवा टेस्ट डेब्यू खिलाड़ी भी बन गए। उन्हें 19 साल और 85 दिन की उम्र में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मार्क टेलर से अपनी बैगी ग्रीन कैप मिली। इयान क्रेग ने 1953 में 17 साल 239 दिन की उम्र में ऑस्ट्रेलियाई

## कोहली और रोहित की टेस्ट रैंकिंग में बड़ी गिरावट, यशस्वी शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय बल्लेबाज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कोहली खराब प्रदर्शन के चलते शीर्ष 20 से बाहर हो गए हैं और एक स्थान के नुकसान के साथ 21वें नंबर पर खिसक गए हैं। पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से गुजर रहे कप्तान रोहित शर्मा को पांच स्थान का नुकसान हुआ है और वह 35वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को नवीनतम आईसीसी रैंकिंग में बड़ी गिरावट देखने मिली है। भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से चौथा टेस्ट मैच खेलना है और उससे पहले ही इन से खराब फॉर्म से गुजर रहे कप्तान रोहित शर्मा को पांच स्थान का नुकसान हुआ है और वह 35वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं, लगातार दो शतक जड़ने वाले ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रेविस हेड एक स्थान के सुधार से चौथे और स्टीव स्मिथ एक स्थान के फायदे के साथ शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने 10 स्थान की छलांग लगाई है और बल्लेबाजों की रैंकिंग में 40वें स्थान पर पहुंच गए हैं। राहुल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत के



दोनों की रैंकिंग में बड़ी गिरावट आई है। कोहली और रोहित के अलावा यशस्वी जायसवाल तथा शुभमन गिल को भी रैंकिंग में नुकसान हुआ है। वहीं, ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ को बल्लेबाजों की रैंकिंग में फायदा पहुंचा है। पर्थ टेस्ट के बाद बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे यशस्वी एक स्थान के नुकसान के साथ पांचवें नंबर पर आ गया है, जबकि खराब फॉर्म से जूझ रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत दो स्थान के नुकसान से 11वें नंबर पर पहुंच गए हैं। इस तरह यशस्वी टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। गिल भी चार स्थान के नुकसान से 20वें स्थान पर खिसक गए हैं। कोहली खराब प्रदर्शन के चलते शीर्ष 20 से बाहर हो गए हैं और एक स्थान के नुकसान के साथ 21वें नंबर पर खिसक गए हैं। पिछले कुछ समय लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। राहुल ने तीन मैचों में 47 के औसत और 50 के स्ट्राइक रेट से 235 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से दो अर्धशतक निकले हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ निजी स्कोर 84 है। पिछले मैच में प्लेइंग-11 में शामिल किए गए रवींद्र जडेजा ने भी नौ स्थान का सुधार किया है और वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में 42वें स्थान पर आ गए हैं। जडेजा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ और एडिलेड टेस्ट में नहीं खेले थे, लेकिन उन्होंने गाबा टेस्ट की पहली पारी में 77 रन बनाए थे जिससे भारत फॉलोऑन बचाने में सफल रहा था। पर्थ टेस्ट की दूसरी पारी को छोड़ दिया जाए तो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अब तक भारत की बल्लेबाजी खराब रही है जिसका खामियाजा रैंकिंग में भुगतना पड़ा है।

## क्रिसमस पर नए लुक में नजर आए धोनी, सांता क्लॉज बनकर बेटी और पत्नी को दिए तोहफे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान धोनी भी क्रिसमस के रंग में रंगे नजर आए। वह खुद सांता धोनी के नए लुक का खुलासा उनकी पत्नी साक्षी ने किया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल से तस्वीरें साझा कीं। इसमें धोनी सांता क्लॉज




क्लॉज बनकर अपने घर पहुंचे और बेटी व पत्नी को सरप्राइज दिया। इस दौरान धोनी ने बेटी जीवा और पत्नी साक्षी को तोहफे भी दिए। आज पूरी दुनिया में क्रिसमस का त्योहार मनाया जा रहा है। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान धोनी भी क्रिसमस के रंग में रंगे नजर आए। वह खुद सांता क्लॉज बनकर अपने घर पहुंचे और बेटी व पत्नी को सरप्राइज दिया। इस दौरान धोनी ने बेटी जीवा और पत्नी साक्षी को तोहफे भी दिए। इसकी तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर वायरल हैं। के लुक में नजर आए। लाल और सफेद रंग की पोशाक के साथ-साथ उन्होंने बड़ी सफेद दाढ़ी भी लगा रखी है। माही इस नए लुक में काफी अच्छे लग रहे हैं। इन तस्वीरों में देखा जा सकता है धोनी अपने पूरे परिवार के साथ क्रिसमस का त्योहार मना रहे हैं। इसमें उनकी बेटी जीवा, पत्नी साक्षी और दोस्त भी शामिल हैं। धोनी की बेटी खुद भी लाल ड्रेस में नजर आईं। वह पिता को इस नए अवतार में देखकर काफी खुश दिखीं। वहीं, साक्षी ग्रीन ड्रेस में कॉफी हॉट लग रहीं थीं।

## महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने की विनोद कांबली से मुलाकात, दिया हेल्थ पर अपडेट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**सरनाईक ने बताया कि कांबली की हालत अब स्थिर है। वह जल्द ही स्वस्थ हो जाएंगे। महाराष्ट्र सरकार के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने बुधवार को पूर्व भारतीय क्रिकेटर विनोद कांबली से अस्पताल में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दिग्गज खिलाड़ी के हालचाल जाने। सरनाईक ने बताया कि कांबली की हालत अब स्थिर है। सरनाईक ने विनोद कांबली के जल्द स्वस्थ्य होने की कामना करते हुए इस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं। इसके साथ उन्होंने लिखा- विनोद कांबली भारतीय क्रिकेट में एक चमकता हुआ नाम हैं, जिन्होंने हमेशा अपने प्रदर्शन से देश को गौरवान्वित किया है। उनकी आँखों में आज भी वही दृढ़ संकल्प और जुझारूपन झलकता है जो उन्होंने हमेशा मैदान पर दिखाया है। उनकी हालत फिलहाल स्थिर है और मुझे पूरा विश्वास है कि वे जल्द ही ठीक हो जाएंगे।

## करीब ढाई महीने बाद टेस्ट टीम में बाबर आजम की वापसी, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलेंगे पहला मैच

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दाएं हाथ के बल्लेबाज की टेस्ट टीम में वापसी हो गई है। उन्हें आखिरी बार इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट (07-11 अक्तूबर) में खेलते देखा गया था। इस दौरान वह सिर्फ 35 रन बना पाए थे।पाकिस्तान की टीम इन दिनों दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर है। दोनों टीमें गुरुवार को दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में आमने-सामने होंगी। सेंचुरियन में खेले जाने वाले इस मैच के लिए पाकिस्तान ने बुधवार को प्लेइंग 11 का एलान कर दिया। इसमें स्टार बल्लेबाज बाबर आजम की वापसी हुई। उन्हें लगभग 2.5 महीने बाद टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। दाएं हाथ के बल्लेबाज की टेस्ट टीम में वापसी हो गई है। उन्हें आखिरी बार इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट (07-11 अक्तूबर) में खेलते देखा गया था। इस दौरान वह सिर्फ 35 रन बना पाए थे। इसके बाद उन्हें अंतिम दो टेस्ट मैचों से बाहर कर दिया गया था। अब वह पहले टेस्ट में दमदार प्रदर्शन के साथ टीम में अपनी जगह पक्की करना चाहेंगे। टेस्ट सीरीज से पहले पाकिस्तान का दक्षिण अफ्रीका से वनडे सीरीज में सामना हुआ था। तीन मैचों की सीरीज में दाएं हाथ के बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक लगातार तीन बार शून्य पर आउट हुए। उनके बल्ले से रन निकलना तो दूर, वह विकेट पर टिकने के लिए भी संघर्ष करते दिखे थे। इस निराशाजनक प्रदर्शन के कारण उन्हें पहले टेस्ट की प्लेइंग 11 से बाहर कर दिया गया। पाकिस्तान ने मेजबानों को 0-3 से वनडे सीरीज में हराया था। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने मेहमानों को टी20 सीरीज में 2-0 से मात दी थी। पाकिस्तान की प्लेइंग 11 में तेज गेंदबाज मोहम्मद अब्बास को भी शामिल किया गया है। 34 वर्षीय गेंदबाज लगभग तीन साल बाद पाकिस्तान के लिए टेस्ट मैच खेलते दिखेंगे। उन्हें आखिरी बार वेस्टइंडीज के खिलाफ 2021 में खेलते देखा गया था। उम्मीद है कि वह इस मौके का फायदा उठाने में कामयाब होंगे। 25 टेस्ट मैचों में उनके नाम 90 विकेट हैं।शान मसूद, सईम अयूब, बाबर आजम, कामरान गुलाम, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), सऊद शकील, सलमान आगा, आमेर जमाल, नसीम शाह, खुर्रम शहजाद, मोहम्मद अब्बास।




## टेस्ट रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह का जलवा, सर्वोच्च रेटिंग हासिल कर अश्विन की बराबरी की

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज के अब 904 रेटिंग अंक हो गए हैं। इसी के साथ उन्होंने भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। 2016 में अश्विन ने सर्वोच्च रेटिंग (904) हासिल की थी।भारतीय गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने ब्रिस्बेन में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद आईसीसी की पुरुष टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान मजबूत कर लिया। बारिश से प्रभावित इस मैच में बुमराह ने 94 रन देकर नौ विकेट हासिल किए थे। इस दमदार प्रदर्शन की बदौलत उन्होंने 14 अतिरिक्त रेटिंग अंक अर्जित किए, जिससे वह करियर की सर्वोच्च रेटिंग हासिल करने में कामयाब हो गए।तेज गेंदबाज के अब 904 रेटिंग अंक हो गए हैं। इसी के साथ उन्होंने भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। 2016 में अश्विन ने सर्वोच्च रेटिंग (904) हासिल की थी। इस तरह वह आईसीसी इतिहास में संयुक्त रूप से सर्वोच्च रेटिंग वाले भारतीय टेस्ट गेंदबाज बन गए। दक्षिण अफ्रीका कगिसो रबाडा दूसरे और ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवड तीसरे पायदान पर हैं।भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को नवीनतम आईसीसी रैंकिंग में बड़ी गिरावट देखने मिली है। पर्थ टेस्ट के बाद बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे यशस्वी एक स्थान के नुकसान के साथ पांचवें नंबर पर आ गया है।



## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे हैं

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे है तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते हैं। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## हिमा दास के निलंबन पर नाडा के अपडेट से असमंजस की स्थिति, जानें पूरा मामला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** नाडा ने हाल ही में घोषणा की है कि उसे अपने ठिकाने की जानकारी नहीं देने के कारण उसके डोपिंग निरोधक पैनल द्वारा निलंबित कर दिया गया था। नाडा की वेबसाइट के अनुसार हिमा को मामले के समाधान समझौते के तहत निलंबन दिया गया था। वह वर्तमान में तिरुवनंतपुरम में प्रशिक्षण ले रही है।एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता फर्राटा धाविका हिमा दास को ठिकाने की जानकारी देने में नाकाम रहने के मामले में दोषमुक्त करार दिए जाने के बाद राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) ने असामान्य घटनाक्रम में उन पर पूर्वव्यापी निलंबन लगा दिया। 16 महीने की निलंबन अवधि 22 जुलाई 2023 से 21 नवंबर 2024 तक थी और एथलीट अब टूर्नामेंटों में भाग लेने के लिए स्वतंत्र है लेकिन हैरानी की बात यह है कि वह इस साल जून में भी प्रतियोगिताओं में भाग ले रही थी।नाडा ने हाल ही में घोषणा की है कि उसे अपने ठिकाने की जानकारी नहीं देने के कारण उसके डोपिंग निरोधक पैनल द्वारा निलंबित कर दिया गया था। नाडा की वेबसाइट के अनुसार 'धींग एक्सप्रेस' के रूप में जानी जाने वाली हिमा को मामले के समाधान समझौते के तहत निलंबन दिया गया था। वह वर्तमान में तिरुवनंतपुरम में प्रशिक्षण ले रही है।उनके निलंबन की अवधि ने असमंजस की स्थिति पैदा कर दी है क्योंकि वह इस साल अप्रैल से ही प्रतिस्पर्धा कर रही हैं जिसमें बेंगलुरु में इंडियन ग्रां प्री मीट और जून में पंचकूला में राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय मीट शामिल है जबकि उनका निलंबन 21 नवंबर 2024 तक था। सबसे दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने जून में चार रेस में भाग लिया। बुधवार को उनके प्रशिक्षण सत्र के बाद जब उनसे संपर्क किया गया तो हिमा ने इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के एक सूत्र ने भी पुष्टि की कि उनका निलंबन नवंबर में समाप्त हो गया था। जब दोनों पक्ष सहमति देते हैं तो डोपिंग निरोधक एजेंसी और खिलाड़ी के बीच 'मामले के समाधान का समझौता ' किया जाता है और खिलाड़ी आगे की अपील किए बिना लगाए गए परिणामों को स्वीकार करने के लिए सहमत होता है।यह घटनाक्रम हिमा को नाडा की डोपिंग निरोधक पैनल से पूरी तरह से मंजूरी मिलने के कुछ हफ़्ते बाद हुआ है। पैनल ने उन्हें 12 महीनों में तीन बार ठिकाना बताने में नाकाम रहने के कारण लगाये गए डोपिंग आरोपों से मुक्त कर दिया था। पैनल ने इस बारे में कोई विवरण नहीं दिया कि वह किस तरह इस निष्कर्ष पर पहुंची कि हिमा की ओर से 'ठिकाने' संबंधी कोई चूक नहीं हुई है।चौबीस बरस की हिमा को पिछले साल नाडा ने 12 महीनों में तीन बार अपने ठिकाने के बारे में जानकारी नहीं देने के कारण अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया था। मार्च में सुनवाई के बाद डोपिंग निरोधक अनुशासन पैनल (एडीडीपी) ने उन्हें बरी कर दिया था। वह 30 अप्रैल को बेंगलुरु में इंडियन ग्रां प्री एक में 200 मीटर स्पर्धा में फिर से उतरीं।




## सम्पादकीय

# देश की दिशा बदलने वाले मनमोहन सिंह

पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह भारत में आर्थिक सुधारों के प्रणेता के तौर पर जाने जाते हैं। प्रधानमंत्री के रूप में उनके दस वर्ष के कार्यकाल पर लोगों की आलोचनात्मक राय हो सकती है, लेकिन इस तथ्य से कोई इनकार नहीं कर सकता कि भारतीय अर्थव्यवस्था को बचाने एवं बढ़ाने में उनका योगदान अहम है। अर्थशास्त्री, नीति निर्माता और एक राजनेता के तौर पर पहचान बनाने वाले मनमोहन सिंह को भारतीय अर्थव्यवस्था का स्वरूप बदलने के लिए जाना जाता है। वर्ष 1990 के खाड़ी युद्ध के कारण तेल की कीमतों में तीन गुनी वृद्धि हुई थी। कुवैत पर इराक के हमले की वजह से भारत को अपने हजारों मजदूरों को वापस भारत लाना पड़ा था। नतीजतन उनकी ओर से भेजी जाने वाली विदेशी मुद्रा पूरी तरह से रुक गई थी। ऊपर से भारत की राजनीतिक अस्थिरता और उस समय का सामाजिक-आर्थिक माहौल अर्थव्यवस्था को कमजोर किए जा रहा था। देश को इस कठिन हालात से बाहर लाने के लिए उस समय देश के प्रधानमंत्री रहे पीवी नरसिंह राव ने अपने वित्त मंत्री के रूप में मनमोहन सिंह को चुना था। स्पष्ट है कि वित्त मंत्री के रूप में मनमोहन सिंह की सफलता का श्रेय नरसिंह राव को भी जाता है। देश के लिए मनमोहन सिंह का सबसे बड़ा योगदान वित्त मंत्री के रूप में आर्थिक सुधारों की शुरुआत करना था। मनमोहन सिंह ने 24 जुलाई, 1991 को आम बजट पेश करते हुए कहा था, 'समय बर्बाद करने का कोई अवसर नहीं है। न तो सरकार और न ही अर्थव्यवस्था साल दर साल अपनी क्षमता से ज्यादा खर्च कर सकती है। उधार के पैसे की गुंजाइश अब नहीं रही। हमें बाजार की ताकतों के संचालन के लिए दायरे और क्षेत्र का विस्तार करने की जरूरत है।' इसके बाद मनमोहन सिंह ने भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधारों की एक श्रृंखला शुरू की, जिसे उन्होंने ठमानवीय चेहरे के साथ सुधारठ कहा। उन्होंने तीन कैटेगरी में बड़े बदलाव किए-उदारीकरण, वैश्वीकरण और निजीकरण, जिसके तहत विदेश व्यापार उदारीकरण, वित्तीय उदारीकरण, कर सुधार और विदेशी निवेश जैसे बदलाव किए गए। 1991 में भारत का अंतरराष्ट्रीय व्यापार संतुलन भारी घाटे में था। देश पर विदेशी कर्ज 69 बिलियन डालर हो गया था। भारत के पास पैसा और समय दोनों बहुत कम थे। तब विदेशी मुद्रा भंडार छह बिलियन डालर से भी कम था, जो देश के केवल दो सप्ताह के आयात को पूरा करने के लिए ही पर्याप्त था। विदेशी पूंजी निवेश पर सरकारी नियंत्रण था। आयात के लिए जटिल लाइसेंसिंग सिस्टम था। चीन और पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध, शेयर बाजार में हो रहे घपले, उत्पादन के क्षेत्र में सरकारी नियंत्रण आदि अर्थव्यवस्था की रफ्तार को थामे हुए थे। देश आर्थिक पतन के कगार पर था। इसे बचाने के लिए उन्होंने रुपये का दो बार अवमूल्यन का किया। पहले लगभग नौ प्रतिशत और उसके बाद 11 प्रतिशत का अवमूल्यन किया गया। इससे हमारा निर्यात सस्ता हो गया, जो हमारे बिगड़ते व्यापार असंतुलन के लिए एक आवश्यक सुधार था। फिर औद्योगिक नीति की शुरुआत के साथ लाइसेंस राज को खत्म किया। भारतीय बाजार को विदेशी कंपनियों के लिए खोल दिए। इस कदम से भारत सरकार विदेश में गिरवी रखा सोना छुड़वा कर आरबीआइ को सौंपने में कामयाब रही। मनमोहन सिंह ने भारत को दुनिया के बाजार के लिए तो खोला ही, निर्यात और आयात के नियमों को भी सरल बनाया। आसान शब्दों में कहें तो किसी वस्तु का कितना उत्पादन होगा और उसकी कितनी कीमत होगी, इसका फैसला सरकार नहीं, बल्कि बाजार पर छोड़ दिया गया। इन सुधारों ने भारत को तेज आर्थिक विकास की राह पर ला खड़ा किया और देश को अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के लिए आकर्षक गंतव्य बनाया।विदेशी पूंजी के प्रवाह ने देश को बदलना शुरू किया, लोगों के पास ज्यादा पैसा आया, जीवनशैली बदली। दुनिया के बड़े ब्रांड्स ने भारत में दस्तक दी। इससे देश में नौकरियां और उद्योग बढ़े। वर्ष 2004 से 2014 तक जब वह प्रधानमंत्री थे, तब भारतीय अर्थव्यवस्था के 10 स्वर्णिम वर्ष थे। उस दशक में भारत की जीडीपी औसतन 8.1 प्रतिशत की दर से बढ़ी। 2007 में भारत ने नौ प्रतिशत की अपनी उच्चतम जीडीपी वृद्धि दर हासिल की। उनके कार्यकाल में सबसे बड़ा सामाजिक कल्याण कार्यक्रम महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम था, जिसे दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना के रूप में मान्यता प्राप्त है। उनकी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु ऊर्जा समझौते पर हस्ताक्षर भी थी।

# समावेशी विकास और सशक्त ग्रामीण भारत चौधरी चरण सिंह का आदर्श

इस वर्ष देश संविधान की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। यह उपयुक्त समय है कि हम चौधरी साहब के विचारों को स्मरण करें, जो संविधान के मूल वादों-न्याय, समानता और बंधुत्व से मेल खाते हैं। उनका दृष्टिकोण समतामूलक समाज का निर्माण करना था, जो जातिवाद और भेदभाव को समाप्त करे, वंचित



समुदायों के लिए आर्थिक अवसर सुनिश्चित करे।

पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्व. चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती के अवसर पर मैं उस महान व्यक्तित्व को स्मरण करता हूं, जिनकी नीतियों और सिद्धांतों ने न केवल ग्रामीण भारत का स्वरूप बदला, बल्कि आज की नीति और शासन व्यवस्था पर भी गहरी छाप छोड़ी है। उनका जीवन हमें यह याद दिलाता है कि नागरिकों के हितों को केंद्र में रखते हुए बनाई गई समानतापूर्ण नीतियां ही राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यह अवसर खास है, क्योंकि मैं एक ऐसे दूरदर्शी नेता को याद कर रहा हूं, जिन्हें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, भारत के प्रधानमंत्री और भारत रत्न से अधिक किसान मसीहा के रूप में याद किया जाता है। उनके विचारों ने मेरे सामाजिक दृष्टिकोण और जनसेवा के जीवन को आकार दिया है।

इस वर्ष देश संविधान की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। यह उपयुक्त समय है कि हम चौधरी साहब के विचारों को स्मरण करें, जो संविधान के मूल वादों-न्याय, समानता और बंधुत्व से मेल खाते हैं। उनका दृष्टिकोण समतामूलक समाज का निर्माण करना था, जो जातिवाद और भेदभाव को समाप्त करे, वंचित समुदायों के लिए आर्थिक अवसर सुनिश्चित करे। चौधरी साहब का मानना था कि लोकतंत्र को विशेष रूप से ग्रामीण भारत के वंचित सामाजिक समूहों के लिए सक्रिय रूप से काम करना चाहिए।चौधरी साहब ने स्पष्ट रूप से कहा था कि राष्ट्रीय प्रगति की शुरुआत ग्रामीण समृद्धि से होती है। उन्होंने कहा था, एक राष्ट्र तभी समृद्ध हो सकता है, जब उसका ग्रामीण क्षेत्र उन्नत हो, और उसकी क्रय शक्ति उच्च हो। चौधरी साहब ने ऐसे आर्थिक मॉडल का समर्थन किया, जिसे हम कृषि पूंजीवाद कह सकते हैं, एक प्रणाली जिसमें ग्रामीण समृद्धि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को प्रेरित करती है, और पूंजी का वितरण नीचे से ऊपर की ओर होता है, न कि ऊपर से नीचे की ओर। उनके लिए भारत की वृद्धि कारखानों में नहीं, छोटे उद्योगों और खेतों में शुरू होती थी।चौधरी साहब के लिए, सशक्तीकरण का अर्थ विकेंद्रीकरण भी था। उन्होंने ऐसे ग्रामीण लोकतंत्र की कल्पना की थी, जहां आर्थिक और सामाजिक स्वायत्तता हर कृषि परिवार को स्वतंत्र रूप से विकसित होने का अवसर देती थी। प्रारंभिक भारतीय विकास मॉडलों में जो केंद्रीकृत, बड़े पैमाने पर औद्योगिक योजनाएं थीं, उनके विपरीत चौधरी साहब का समर्थन विकेंद्रीकृत उत्पादन और किसानों का सशक्तीकरण का था। आजकल, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और भूमि स्वामित्व अधिकार जैसी नीतियां सामान्य समझी जाती हैं, लेकिन जब उन्होंने इनका समर्थन किया था, तब ये क्रांतिकारी विचार थे। 1952 में उत्तर प्रदेश जमींदारी और भूमि सुधार अधिनियम, 1953 में होल्डिंग्स का समेकन अधिनियम ने उन्हें वंचितों के प्रबल समर्थक के रूप में स्थापित किया। चौधरी साहब ने 1960 के दशक के अंत में सूखे के दौरान सही खरीद मूल्य की मांग की थी, जो एमएसपी का आधार बना। उन्होंने पहले 1938 में कृषि उत्पाद विपणन विधेयक पेश किया था, जिसे 1964 में पास किया गया और इसने कृषि बाजार ढांचे की नींव रखी। चौधरी साहब समझते थे कि मजबूत समर्थन प्रणाली के बिना, कृषि क्षेत्र न तो खुद को बनाये रख कर सकता था और न ही व्यापक अर्थव्यवस्था को सहारा दे सकता थाइसके लिए उन्होंने ग्रामीण विकास के लिए संस्थाओं की स्थापना की थी, जो आने वाले दशकों तक ग्रामीण विकास को मजबूती से खड़ा करतीं। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग को मंत्रालय का दर्जा दिया था। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की स्थापना ने ग्रामीण भारत को वित्तीय सहायता देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए चौधरी साहब को अक्सर जाट नेता के रूप में सीमित करके देखा जाता है, लेकिन उनके आदर्श कहीं अधिक व्यापक थे। आर्य समाज और गांधीवादी विचारधारा से प्रेरित होकर, उन्होंने जाति को मूल्यांकन का आधार मानने से इन्कार किया। बाबा साहब की तरह, वे जाति को राष्ट्रीय प्रगति में बाधा मानते थे। 1954 में उन्होंने नेहरू को क्रांतिकारी नीति का सुझाव दिया, जिसमें अंतरजातीय विवाह को प्रोत्साहित करने की बात कही गई थी। हालांकि इस विचार का विरोध हुआ, लेकिन यह उनके प्रगतिशील दृष्टिकोण और ऐतिहासिक अन्याय को सुधारने के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है। नीति निर्माण में, चौधरी साहब वित्तीय अनुशासन व भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़े रुख के लिए जाने जाते थे। उनकी नीतिगत दृष्टि आज की पारदर्शिता और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) पहल का आधार है। उन्होंने स्थायी विकास को तब महत्व दिया था, जब वह वैश्विक चिंता नहीं था। कारीगरों, छोटे व कृषि आधारित उद्योगों का मूल्यांकन किया, जो आज एमएसएमई व स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में जीवित हैं और योजनाओं जैसे मुद्रा और पीएम विश्वकर्मा उसी धरोहर पर आधारित हैं।

# खतरे में संसद की विश्वसनीयता, विधायिका की सार्थकता पर अब उठने लगे सवाल

विधायिका और इससे जुड़ी संस्थाओं की सार्थकता पर अब हर तरफ से सवाल उठने लगे हैं। कारण यह है कि अब संसद में बहस के बजाय हंगामा ही हो रहा होता है। जब सदन चलेगा ही नहीं तो वहां पर कामकाज कैसे होगा? आमजन में यह भावना तेजी से घर करती जा रही है कि अब संसद में किसी विषय पर ढंग से बहस नहीं होती दुश्मनी जम कर करो, लेकिन ये गुंजाइश रहे, जब कभी हम दोस्त बन जाएं तो शर्मिंदा न होंष्ठ।' प्रसिद्ध शायर बशीर बद्र का यह शेर आजकल बार-बार कहने का मन करता है। वजह है, राजनीतिक कटुता का माहौल। संसद के भीतर-बाहर जिस तरह गलत भाषा का खुला प्रयोग होने लगा है, वह दुखद है।असहमति में तो लोकतंत्र के प्राण बसते हैं, पर वह मर्यादापूर्वक होनी चाहिए। अगर मर्यादापूर्ण असहमति पर पर ध्यान दिया जाए, तो कम से कम संसद में घटिया शब्दावली का प्रयोग जरूर थम जाएगा। संसद को वाद-विवाद और संवाद से सहमति बनानी होगी, न कि असहमति का माहौल बनाने में अपने समय को नष्ट करना होगा। आज देश की आबादी में 65 प्रतिशत हिस्सेदारी 35 वर्ष से कम युवाओं की है। हमें इस आबादी की संरचना को ध्यान में रखते हुए युवाओं के चौतरफा विकास की गति को तेज कर उस पर खरा उतरना होगा। यदि हम ऐसा नहीं कर पाए तो संसद और सांसदों की प्रतिष्ठा तार-तार हो जाएगी।विधायिका और इससे जुड़ी संस्थाओं की सार्थकता पर अब हर तरफ से सवाल उठने लगे हैं। कारण यह है कि अब संसद में बहस के बजाय हंगामा ही हो रहा होता है। हंगामे से सदन को बार-बार बिना वजह स्थगित करना पड़ता है। जब सदन चलेगा ही नहीं तो वहां पर कामकाज कैसे होगा सच बात यह है कि संसद में हंगामा करने वाले सदस्यों को अपने दल के नेताओं से हरी झंडी मिली होती है। उनसे कहा जाता है कि वे सदन में नारेबाजी करते रहें और कामकाज न होने दें। अगर आप कोर्ट की कार्यप्रणाली से वाकिफ होंगे तो आपको पता होगा कि वहां वकील सुबह से शाम तक एक-दूसरे के खिलाफ केस लड़ते हैं। उनके बीच तीखी बहस भी होती है, पर लंच और फिर नाश्ते के समय सब बैठकर गपशप कर रहे होते हैं। उनमें कहीं कोई कटुता नहीं होती। ऐसे वकीलों से भी संसद सदस्य कुछ सीख ले सकते हैं।अभी कुछ दिन पहले एक मोटिवेशनल स्पीकर और हिंदू धर्म ग्रंथों के विद्वान एक सेमिनार में कह रहे थे कि जीवन में किसी को शत्रु मानना या उससे शत्रुता रखना कतई सही नहीं है। आप अपने को उसी दिन से बेहतर इंसान मान सकते हैं, जिस दिन आपके मन में किसी के लिए कोई कटुता न रहे, पर संसद में सत्तापक्ष- विपक्ष के बीच दुश्मनी वाला भाव दिखता है। अब यह भाव संसद के बाहर भी दिखने लगा है।कभी-कभी बहुत क्लेश होता है कि अब संसद में यादगार भाषण सुनने को नहीं मिलते। एक दौर था जब संसद में सार्थक चर्चा होती थी और सदस्य सारगर्भित भाषण दिया करते थे। हमारे यहां कई प्रखर सांसद हुए हैं, जिन्होंने अपनी वाकपटुता, तार्किक क्षमता और संसदीय ज्ञान से महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अटल बिहारी वाजपेयी के संसद में दिए भाषणों को कौन भूल सकता है। वह अपनी कविताओं और भाषणों के लिए जाने जाते हैं। डा. राम मनोहर लोहिया भी आलोचनात्मक शैली और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर मुखरता के साथ अपनी बात रखते थे। मधु लिमये तो बार-बार याद आते हैं। वह प्रश्नकाल में तीखे सवाल पूछते थे। ओजस्वी वक्ता तो वह थे ही। इसी क्रम में जार्ज फर्नांडिस भी थे। वह सामाजिक न्याय और गरीबों के अधिकारों के लिए मुखर थे। इसके अलावा कई अन्य सांसद भी ऐसे रहे हैं, जिन्होंने अपनी प्रखरता से भारतीय संसद को समृद्ध किया है।एक बार मशहूर क्रिकेट कमेंटेटर वेंकट सुंदरम बता रहे थे कि उनके शिक्षाविद् पिता पीएम सुंदरम उन्हें बचपन में कहते थे कि वह अखबारों में संसद की कार्यवाही को ध्यान से पढ़ लिया करें। उन्हें पढ़कर देश-दुनिया की स्थिति को समझने मदद मिलेगी। क्या आज कोई अभिभावक अपने बच्चों को कहता होगा कि वे संसद कार्यवाही से जुड़ी खबरों को पढ़ें या कार्यवाही को टीवी पर देखें? वजह बहुत साफ है कि संसद में बहस का स्तर ही नहीं गिरा है, बल्कि वहां तो संग्राम वाली स्थिति बनी रहती है।सिर्फ पंगेबाजी और एक-दूसरे पर उलटे-सीधे आरोप लगाने से तो संसद नहीं चल सकती। पिछले हफ्ते संसद परिसर में तब शर्मनाक घटना घटी, जब दो सांसद धक्का-मुक्की में घायल हो गए। किसने किसको धक्का दिया इसकी जांच चल रही है, पर धक्का तो दिया गया, तभी तो एक सांसद का सिर फटा संसद में तमाम असहमति के बाद भी देश हित के मामलों पर वाद, विवाद और संवाद होना अनिवार्य है। अगर संसदीय लोकतंत्र में राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर बहस ही नहीं होगी तो फिर क्या होगा।

# गंभीर संकट का कामचलाऊ समाधान, दिल्ली-एनसीआर की हवा की गुणवत्ता बेहद खराब

वह तो भला हो प्रकृति का कि दिसंबर के अंतिम दिनों को दिल्ली-एनसीआर में थोड़ी सी बरसात हो गई, वरना राजधानी क्षेत्र की कोई चार करोड़ आबादी लगभग जहर को सांसों के जरिये अपने शरीर में उतार रही थी। इससे पहले ग्रेप की कई पाबंदियां लागू होने के बावजूद दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) साढ़े चार सौ के पार था। अभी न शहर में ट्रक आ रहे, न निर्माण कार्य चल रहा, न हरियाणा-पंजाब में पराली जल रही, न ही कहीं आतिशबाजी हो रही है। इसके बावजूद दिल्ली-एनसीआर की हवा की गुणवत्ता बेहद गंभीर श्रेणी में होना दर्शाता है कि सरकार में बैठे लोग या तो वायु प्रदूषण के असल मर्ज को पकड़ नहीं पा रहे या फिर कोई ईमानदारी से इसका निदान नहीं चाहता। दिल्ली-एनसीआर के अधिकतर इलाकों में एक्यूआइ लेवल करीब 300 है। इस बार तो ठंड शुरू होने से बहुत पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने वायु को जहर होने से रोकने की कार्य योजना मांगी थी। अफसोस कि सरकार में बैठे लोग इंसान से उपजी दिक्कतों का हल मशीनों में खोजने का असफल प्रयोग करते रहे, जबकि जहरीली हवा यहां के लोगों की जिंदगी के साल काम कर रही है। वह छोटे बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर कर रही है। इससे समाज और सरकार, दोनों पर भारी आर्थिक नुकसान की भी मार पड़ रही है। जब दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण पर रोक नहीं लगाई पा जा रही, तब यह सहज ही समझा जा सकता है कि शेष उत्तर भारत में प्रदूषण रोकने के लिए कुछ ठोस नहीं किया जा रहा होगा।



# सहयोगी दलों के निशाने पर कांग्रेस, विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए में उथलपुथल



अजय माकन ने केजरीवाल को राष्ट्र विरोधी कहा। उनके इस बयान के बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने चेतावनी दी कि यदि कांग्रेस अजय माकन के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती तो आम आदमी पार्टी गठबंधन के दलों से यह मांग करेगी कि वे कांग्रेस को बाहर करें। यह हास्यास्पद मांग है लेकिन इससे पता चलता है कि आइएनडीआइए के घटकों में तनातनी बढ़ रही है। पिछले कुछ समय से विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए में उथलपुथल सी मची हुई है। यह उथलपुथल सबसे अधिक कांग्रेस को असहज कर रही है। आइएनडीआइए में सब कुछ ठीक नहीं, इसका पहला संकेत हाल में तब मिला, जब तृणमूल कांग्रेस नेता ममता बनर्जी ने कहा कि वह गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। उनका यह बयान उस समय आया, जब कांग्रेस अदाणी मामले को लेकर संसद में हंगामा करने में लगी हुई थी। इससे यही साफ हुआ कि गठबंधन के सभी दल अदाणी मामले को तूल देने को तैयार नहीं। यह विचित्र है कि अदाणी मामले पर कांग्रेस को क्षेत्रीय दलों की नसीहत सुननी पड़ी। ममता बनर्जी को गठबंधन का उपयुक्त नेता बताने वाले बयानों का समर्थन कुछ और नेताओं और खासकर लालू यादव ने भी कर दिया। जब समाजवादी पार्टी के महासचिव रामगोपाल यादव ने कहा कि आइएनडीआइए के नेता राहुल नहीं, मल्लिकार्जुन खरगे हैं, तो यह साफ हुआ कि कांग्रेस के सहयोगी दलों को राहुल का नेतृत्व रास नहीं आ रहा है। कांग्रेस की मुश्किल यह है कि वह राहुल गांधी को गठबंधन के नेता ही नहीं, भावी प्रधानमंत्री के रूप में भी देखती है। बीते दिनों कांग्रेस की कठिनाई तब और बढ़ गई, जब आम आदमी पार्टी के नेताओं ने दिल्ली के कुछ कांग्रेसी नेताओं पर आरोप लगाया कि वे भाजपा के साथ मिलकर उसे दिल्ली विधानसभा चुनाव में हराने की कोशिश कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी के नेता कांग्रेस पर इसलिए भड़के, क्योंकि अजय माकन ने केजरीवाल को फर्जीवाल करार देते हुए कहा कि वह उन योजनाओं के जरिये लोगो को धोखा दे रहे हैं, जो अस्तित्व में ही नहीं हैं। अजय माकन ने यह भी कहा कि 2013 में आम आदमी पार्टी को समर्थन देकर उसकी सरकार बनवाना कांग्रेस की भूल थी। उन्होंने पिछले लोकसभा चुनाव में दिल्ली में आम आदमी पार्टी से समझौते को भी सही नहीं माना। अजय माकन ने केजरीवाल को राष्ट्र विरोधी भी कहा। उनके इस बयान के बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने चेतावनी दी कि यदि कांग्रेस अजय माकन के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती तो आम आदमी पार्टी गठबंधन के दलों से यह मांग करेगी कि वे कांग्रेस को बाहर करें। यह हास्यास्पद मांग है, लेकिन इससे पता चलता है कि आइएनडीआइए के घटकों में तनातनी बढ़ रही है। जब कांग्रेस के नेतृत्व में आइएनडीआइए का गठन हुआ था तो यह माना गया था कि यह गठबंधन अपनी वैकल्पिक नीतियों और विचारों के जरिये भाजपा का मुकाबला करने के साथ ही देश को राजनीतिक दिशा देने का भी काम करेगा, लेकिन वह वैकल्पिक विचार देने में असमर्थ रहा। आइएनडीआइए अपना कोई प्रभावी दृष्टिकोण अथवा न्यूनतम साझा कार्यक्रम देश के सामने नहीं रख सका। उसने कांग्रेस के नेतृत्व में केवल यह माहौल बनाया कि भाजपा संविधान बदलना चाहती है। ऐसे माहौल के चलते जब कांग्रेस को लोकसभा चुनावों में 99 सीटें मिलीं और भाजपा 240 सीटों पर सिमट गई तो ऐसा प्रचारित किया गया, जैसे विपक्षी गठबंधन की जीत हुई है। यह प्रचार सबसे अधिक कांग्रेस ने किया, लेकिन हरियाणा और फिर महाराष्ट्र के चुनाव नतीजों ने उसकी हवा निकाल दी। कांग्रेस की प्रभावी उपस्थिति कर्नाटक, तेलंगाना, मध् प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल और कुछ हद तक हरियाणा-पंजाब में है। अन्य राज्यों में या तो वह बहुत कमजोर है या फिर क्षेत्रीय दलों के रहमो-करम पर है। लोकसभा में वह दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर अवश्य उभरती है, लेकिन इसमें सहयोगी दलों का योगदान रहता है। कांग्रेस दिल्ली में भी हाशिये पर जा चुकी है। दिल्ली में यह पहले ही साफ हो गया था कि अरविंद केजरीवाल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से तालमेल नहीं करने वाले। दिल्ली में आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला हो सकता है। पिछले दस साल की एंटी इनकंबेंसी से पार पाने के लिए आम आदमी पार्टी एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है। यदि त्रिकोणीय मुकाबला न हो तो आप भाजपा पर भारी पड़ेगी। त्रिकोणीय मुकाबले में भाजपा के लिए संभावना बन सकती है। आप चाहेगी कि कांग्रेस दिल्ली में मजबूती से न लड़े। कांग्रेस को दिल्ली में मजबूती से लड़ने के लिए भाजपा के साथ आप पर भी हमला करना होगा। दिल्ली के बाद बिहार के विधानसभा चुनाव होंगे। वहां कांग्रेस आरजेडी पर वैसे ही निर्भर होगी, जैसे झारखंड में झामुमो पर थी यदि कांग्रेस को अपना भला करना है तो उसे क्षेत्रीय दलों सरीखी राजनीति करने से बचना होगा। यदि कांग्रेस जाति गणना, दलित-पिछड़ों की गोलबंदी, अल्पसंख्यकों के तुष्टीकरण, आंबेडकर की विरासत आदि के सहारे राजनीति करेगी तो फिर क्षेत्रीय दलों को समस्या होगी और वे उसका प्रभाव कम करने की कोशिश करेंगे। हैरानी नहीं कि आइएनडीआइए के नेतृत्व का सवाल इसीलिए उठा हो ताकि कांग्रेस क्षेत्रीय दलों वाले मुद्दों के सहारे राजनीति करने से बाज आए। जो भी हो, यदि कांग्रेस को राष्ट्रीय दल की अपनी छवि मजबूत करनी है और भाजपा का मुकाबला करना है तो उसे अपनी मूल विचारधारा के आधार पर राजनीति करनी होगी। कांग्रेस इससे अनजान नहीं हो सकती कि यदि सहयोगी दल अपने बलबूते राजनीति करने लगें और कांग्रेस का साथ छोड़ दें तो लोकसभा में उसका ग्राफ नीचे आ जाएगा। भाजपा भी जानती है कि कांग्रेस मजबूत हुई तो वह उसके लिए खतरा बनेगी, इसलिए वह उसे निशाने पर रखने के साथ उसके सहयोगी दलों को भी चेताती रहती है। भाजपा के लिए यह सुविधाजनक होगा कि क्षेत्रीय दल कांग्रेस का साथ छोड़ दें। कांग्रेस को अपनी स्थिति सुधारने के लिए भाजपा से आमने-सामने की लड़ाई में सक्षम बनना होगा। अभी वह चंद राज्यों में ही भाजपा का अपने बलबूते सामना करने में सक्षम है। आइएनडीआइए के घटकों में खींचतान यही बताती है कि कांग्रेस के लिए अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन हासिल करना एक मुश्किल काम है। यह मुश्किल कांग्रेस ने अपने रवैये से ही खड़ी की है।




# मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हाफिज के बेटे से जुड़ा था कश्मीरी आतंकी जावेद, बंगाल से हुई थी गिरफ्तारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** गत दिनों जम्मू-कश्मीर पुलिस और बंगाल पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की संयुक्त टीम ने दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग से कश्मीर में सक्रिय



प्रतिबंधित आतंकी गुट तहरीक-ए-मुजाहिदीन के सदस्य जावेद मुंशी को गिरफ्तार किया था। श्रीनगर के चानपुर निवासी जावेद लश्कर-ए-ताइबा के निर्देश पर ही बंगाल से बांग्लादेश जाने की फिराक में था। पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार कश्मीरी आतंकी जावेद मुंशी मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के बेटे तल्हा के साथ जुड़ा हुआ था। सूत्रों के मुताबिक, जावेद पाकिस्तान के मुरीदके स्थित लश्कर-ए-ताइबा के मुख्यालय भी जाता था और वहां दोनों ने बैठक भी की थी।गत दिनों जम्मू-कश्मीर पुलिस और बंगाल पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की संयुक्त टीम ने दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग से कश्मीर में सक्रिय प्रतिबंधित आतंकी गुट तहरीक-ए-मुजाहिदीन के सदस्य जावेद मुंशी को गिरफ्तार किया था। श्रीनगर के चानपुर निवासी जावेद लश्कर-ए-ताइबा के निर्देश पर ही बंगाल से बांग्लादेश जाने की फिराक में था। जावेद ने पाकिस्तान में आतंकी प्रशिक्षण लिया था। उसे मुस्लिम युवकों को संगठन में भर्ती करने का काम सौंपा गया था। वह आईईडी विशेषज्ञ है और पहले भी कई बार बांग्लादेश, नेपाल और पाकिस्तान की यात्रा कर चुका है। जावेद घाटी में विध्वंसक गतिविधियों में शामिल रहा है और कई बार जेल भी जा चुका है। तहरीक-ए-मुजाहिदीन को पाकिस्तान से नियंत्रित किया जाता है। जावेद के कश्मीर घाटी, पाकिस्तान और बांग्लादेश में अन्य आतंकी संगठनों के साथ संपर्क हैं।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार ने कहा कि जो भी आतंकी पकड़ा जा रहा है, उसका संबंध किसी न किसी रूप में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के साथ होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल की मदद से आतंकी बंगाल को मुस्लिम बहुल राज्य में बदल देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ दल के नेताओं के बयान भारत के नहीं, बल्कि किसी दूसरे देशों के नेता जैसे लगते हैं। हमें देश को कट्टरपंथी इस्लामी शक्तियों से बचाने की जरूरत है।

# विदा होते 2024 में कोयले की खपत का बनेगा नया रिकॉर्ड, चीन में जलता है दुनिया का एक तिहाई कोयला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** 2024 में एक फीसदी की वृद्धि के साथ चीन में कोयले की खपत 490 करोड़ टन पर पहुंच सकती है। दुनिया का एक तिहाई कोयला चीन के बिजली संयंत्रों में



जलाया जाता है। भारत में भी कोयले की खपत में पांच फीसदी की वृद्धि हो सकती है। भारत में यह मांग बढ़कर 130 करोड़ टन पर पहुंच सकती है। जलवायु परिवर्तन पर अंतरराष्ट्रीय मंचों में चल रही बहस के बीच वर्ष 2024 के खत्म होते-होते कोयले की वैश्विक मांग नई ऊंचाइयों पर पहुंच सकती है। कोयले की खपत बढ़कर रिकॉर्ड 877 करोड़ टन पर पहुंचने का अनुमान है। इस वर्ष कोयले से पैदा हो रही बिजली का उत्पादन भी रिकॉर्ड 10,700 टेरावाट प्रति घंटे तक पहुंच सकता है। कोयले की बढ़ती मांग के लिए मुख्य रूप से बिजली क्षेत्र जिम्मेदार है। यह जानकारी इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी (आईईए) ने अपनी नई रिपोर्ट कोल 2024: एनालिसिस एंड फॉरकास्ट फॉर 2024 में दी है। रिपोर्ट के अनुसार, कोयले की सबसे ज्यादा खपत चीन में होती है। 2024 में एक फीसदी की वृद्धि के साथ चीन में कोयले की खपत 490 करोड़ टन पर पहुंच सकती है। दुनिया का एक तिहाई कोयला चीन के बिजली संयंत्रों में जलाया जाता है। भारत में भी कोयले की खपत में पांच फीसदी की वृद्धि हो सकती है। भारत में यह मांग बढ़कर 130 करोड़ टन पर पहुंच सकती है। यह आंकड़ा इससे पहले केवल चीन ही छू पाया है।भारत, इंडोनेशिया और वियतनाम जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाओं में कोयले की मांग अब भी लगातार बढ़ रही है। यहां तेज आर्थिक विकास के साथ बढ़ती आबादी भी बिजली की खपत में इजाफा कर रही है। इसकी वजह से कोयले की मांग बढ़ रही है। उद्योगों में भी कोयले की खपत बढ़ी है। इसी वजह से एशिया अंतरराष्ट्रीय कोयला व्यापार का केंद्र बना हुआ है। इसमें चीन, भारत, जापान, कोरिया और वियतनाम सबसे बड़े आयातक हैं।कोयले की मांग में एशिया जैसे क्षेत्र विशेष में हो रही लगातार वृद्धि चिंताजनक है। 2021 में कोरोना के बाद वैश्विक स्तर पर कोयले की खपत में 7.7 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। जबकि 2022 में इसकी खपत में 4.7 फीसदी की वृद्धि हुई और यह 2023 में घटकर 2.4 फीसदी रह गई। इसके पीछे की सबसे बड़ी वजह दुनिया में अक्षय ऊर्जा का बढ़ता उपयोग है जो आने वाले समय में बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद करेगा।प्रारंभिक आकलन के अनुसार, इस वर्ष यूरोपियन यूनियन में कोयले की मांग में 12 फीसदी और अमेरिका में पांच फीसदी की कमी आने की उम्मीद है।

# राजधानी के रंगपुरी में पकड़े गए आठ बांग्लादेशी, जंगल के रास्ते भारत में घुसे थे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान जहांगीर, उसकी पत्नी परीना बेगम और उसके छह बच्चों के रूप में हुई है। सभी रंगपुरी में रहते थे। इन्होंने भारत में घुसने के



लिए जंगल के रास्तों और एक्सप्रेस ट्रेनों का सहारा लिया था। दिल्ली पुलिस ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। ये सभी रंगपुरी में रहते थे। उन्हें वापस बांग्लादेश भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि इन लोगों ने जंगल के रास्ते भारत में प्रवेश किया और दिल्ली में आकर रहने लगे थे।पुलिस ने कहा कि अभियान के तहत बांग्लादेश के आठ अवैध प्रवासियों का पता लगाया गया और उन्हें विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के माध्यम से उनके देश वापस भेज दिया गया। बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान जहांगीर, उसकी पत्नी परीना बेगम और उसके छह बच्चों के रूप में हुई है। सभी रंगपुरी में रहते थे।पुलिस के अनुसार, जहांगीर ने कबूल किया कि वह मूल रूप से ढाका, बांग्लादेश का रहने वाला है। इन्होंने भारत में घुसने के लिए जंगल के रास्तों और एक्सप्रेस ट्रेनों का सहारा लिया था। पुलिस ने बताया कि वे अपनी मूल पहचान छिपाकर दिल्ली के साउथ वेस्ट के रंगपुरी इलाके में रहने लगे।

# बॉलीवुड/टेली मसाला

## स्टाइलिश लुक में स्पॉट हुए विक्की कैटरीना कैफ एक साथ मनाएंगे नया साल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** विक्की कौशल और कैटरीना कैफ नया साल मानने के लिए रवाना हुआ। अपने हालिया एयरपोर्ट अपीयरेंस में कैटरीना ग्रे स्वेटशर्ट और स्वेटपैंट में बेहद क्रिसमस में नजर आई थीं, जिसमें उन्होंने विजय सेतुपति के साथ काम किया। इसके बाद, उनकी आने



लिए वेकेशन पर जा रहे हैं। इस खास जगह एक साथ छुट्टियां मनाने के लिए दोनों को एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। इस जोड़े ने अपने स्टाइलिश कैजुअल आउटफिट से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा।विक्की कौशल और कैटरीना कैफ बॉलीवुड के सबसे पसंदीदा जोड़ों में से एक हैं, जिन्हें एक साथ देखकर उनके प्रशंसक बेहद खुश हो जाते हैं। हाल ही में, इस जोड़े को अपने नए साल की छुट्टियों के लिए मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया। 29 दिसंबर को विक्की कौशल और कैटरीना कैफ एयरपोर्ट पर स्टाइलिश अंदाज में नजर आए। नए साल से पहले यह जोड़ा मुंबई से किसी खास नया साल मनाने खूबसूरत लग रही थीं, जिसे उन्होंने सफेद टी-शर्ट के साथ पेयर किया था। उन्होंने अपने बालों को खुला रखा और स्टाइलिश सनग्लासेस के साथ अपने लुक को पूरा किया, साथ ही उन्होंने नेचुरल, नो-मेकअप लुक चुना। वहीं, विक्की कौशल डेनिम जींस के साथ सफेद लिनन शर्ट में हमेशा की तरह हैंडसम दिखाई दिए। कैटरीना और विक्की की शादी को तीन साल से ज्यादा हो गए हैं। हाल ही में इस जोड़े ने लंदन में अपने परिवार और करीबी दोस्तों के साथ क्रिसमस मनाया, जिसकी कई तस्वीरें उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर की थीं। काम की बात करें तो कैटरीना आखिरी बार श्रीराम राघवन की फिल्म मेरी वाली फिल्मों में आलिया भट्ट और प्रियंका चोपड़ा के साथ जी ले जरा है, जिसका निर्देशन फरहान अख्तर करेंगे। हालांकि, फिल्म को लेकर अभीतक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। वहीं, विक्की कौशल के पास कई रोमांचक प्रोजेक्ट हैं, जिनमें संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित लव एंड वॉर भी शामिल है, जिसमें वह रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। यह फिल्म 20 मार्च, 2026 को रिलीज हो सकती है। इसके अलावा, विक्की के पास 'छावा' है , जिसमें वह रश्मिका मंदाना के साथ नजर आएंगे। छावा के अलावा विक्की 'महावतार' में भी नजर आएंगे।

## बड़े निर्माता के पैरों में गिरते हैं लेकिन करण बिपाशा के साथ काम करना लगा मीका को 'डेंजरस

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** वेब सीरीज 'डेंजरस' को लेकर मीका सिंह ने बात की 'कड़क' पर बोलते हुए, मीका ने खुलासा किया कि वह शुरू में सीरीज को बजट के भीतर रखने हो गया। उन्होंने फिल्म की डबिंग के दौरान भी मुद्दे पैदा किए।मीका ने साझा किया, 'वे बहाने बना रहे




है। साथ ही सीरीज के कलाकार करण सिंह ग्रोवर और बिपाशा बसु पर कटाक्ष करते नजर आए हैं। गायक मीका सिंह ने साल 2020 में रिलीज हुई वेब सीरीज 'डेंजरस' का सह-निर्माण किया, जिसमें बिपाशा बसु और करण सिंह ग्रोवर मुख्य भूमिका में थे। रिलीज के चार साल बाद, उन्होंने हाल ही में इस जोड़े पर लंदन में फिल्म की शूटिंग के दौरान सेट पर 'ड्रामा' करने और तीन महीने की शूटिंग को छह महीने तक बढ़ाने के लिए निशाना साधा। मीका ने साझा किया कि बिपाशा और करण की वजह से पैसों की काफी बर्बादी हुई थी।पॉडकास्ट के लिए करण और एक न्यूकमर को कास्ट करना चाहते थे, लेकिन बिपाशा ने फैसला सुनाया। वह बोलीं, 'हम दोनों इस सीरीज का हिस्सा बन सकते हैं। वे बजट में ही आए, लेकिन अनुभव भयानक था।'मीका सिंह ने आगे बताया कि बिपाशा और करण ने खूब ड्रामा किया। शादीशुदा होने के बावजूद उन्होंने अलग-अलग कमरों में रहने की मांग की, जबकि मीका उनके अनुरोध पर सहमत हुए, लेकिन उन्हें स्थिति अजीब लगी। उन्होंने आगे कहा, 'बाद में, जब हम एक स्टंट सीन की शूटिंग कर रहे थे, तो करण सिंह ग्रोवर के पैर में फ्रैक्चर थे कि उनके गले में खराश है और अन्य चीजें हैं। मैं समझ नहीं पा रहा था कि इतना नाटक क्यों? वो भी तब जब उन्हें उनके काम के लिए भुगतान किया गया था।' इतना ही नहीं बिपाशा और करण ने उस कॉन्ट्रैक्ट पर साइन करने के बावजूद भी किसिंग सीन करने से इनकार कर दिया था, जिसमें किसिंग सीन का जिक्र था।मीका ने कटाक्ष करते हुए कहा, 'ये सितारे धर्मा प्रोडक्शंस और यशराज फिल्म्स जैसे बड़े निर्माताओं के पैरों पर गिरते हैं और छोटी से छोटी भूमिकाओं के लिए भी उनकी प्रशंसा करते रहते हैं।

## पत्नी ट्विंकल के जन्मदिन पर उत्साहित हुए अक्षय कुमार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** ट्विंकल खन्ना आज अपना 51वां जन्मदिन मना रही हैं। वहीं, इस खास अवसर पर अक्षय कुमार की दिलचस्प पोस्ट दिल खुश करने वाली है। अक्षय कुमार और ट्विंकल खन्ना इंडस्ट्री के पावर कपल है 'हर कोई सोचता है कि मेरी पत्नी कैसी है' और इसमें ट्विंकल को शांति से बैठकर एक किताब पढ़ते हुए दिखाया गया है, फिर टेक्स्ट में दिखाया गया है 'लेकिन वह वास्तव में कैसी है' और क्लिप एक लापरवाह महिला की तरह उनके पर प्रतिक्रिया देते हुए एक यूजर ने लिखा है, 'हैप्पी बर्थडे मिसेज खिलाड़ी।' दूसरे ने लिखा, 'आप दोनों जैसा कोई नहीं।' वहीं एक अन्य लिखते हैं, 'ये आज का बेस्ट वीडियो है।' ऐसे ही बाकी प्रशंसक भी ट्विंकल को जन्मदिन की बधाई



में से एक हैं। दोनों अक्सर लोगों को कपल गोल देते नजर आते हैं। वहीं, आज यानी 29 दिसंबर को ट्विंकल खन्ना अपना 51वां जन्मदिन मना रही हैं और इस खास अवसर पर अक्षय कुमार भी बेहद उत्साहित हैं। स्टार ने अपनी लेडी लव का एक मजेदार वीडियो साझा किया है। साथ ही उनके नाम एक प्यार भरा नोट भी लिखा है। अक्षय की पोस्ट पर प्रशंसक दिल खोलकर प्यार लुटा रहे हैं। अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी पत्नी ट्विंकल खन्ना का एक दिलचस्प वीडियो साझा किया। वीडियो की शुरुआत टेक्स्ट से होती डांस पर आधारित है। वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'हैप्पी बर्थडे, टीना तुम सिर्फ एक स्पोर्ट नहीं हो; तुम पूरा खेल हो। मैंने तुमसे बहुत कुछ सीखा है-जब तक मेरे पेट में दर्द न हो तब तक कैसे हंसना है (और तुम लगभग हमेशा ही इसकी वजह होती हो)। जब रेडियो पर कोई पसंदीदा गाना बजता है तो मैं दिल खोलकर कैसे गाऊं, और सिर्फ इसलिए डांस करूं क्योंकि मेरा मन करता है। तेरे वर्गा सच में होर कोई ना (तुम्हारे जैसा सच में कोई नहीं है)।' अक्षय कुमार की पोस्ट सामने आते ही सोशल मीडिया पर छा गई है। इस क्लिप देते हुए हार्ट और लव वाला इमोजी ड्रॉप कर रहे हैं। जानकारी हो कि अक्षय कुमार और ट्विंकल खन्ना ने 17 जनवरी 2001 को अबू जानी और संदीप खोसला के घर पर एक निजी समारोह में शादी की थी। इस जोड़े के दो बच्चे हैं, एक बेटा आरव और एक बेटी जिसका नाम नितारा है। काम के मोर्चे पर अक्षय कुमार को हाल ही में रोहित शेट्टी की 'सिंघम अगेन' में देखा गया था। उनके पास 'वेलकम टू द जंगल', 'हाउसफुल 5', 'स्काई फोर्स', 'जॉली एलएलबी 3' और 'भूत बंग्ला' जीसी फिल्में पाइपलाइन में हैं।

## देश ही नहीं, दुनियाभर में बजा इन फिल्मों का डंका, वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर छापे इतने नोट


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**इस साल कई भारतीय फिल्मों ने विदेशी दर्शकों का भी खूब दिल जीता है। इनका वर्ल्डवाइड कलेक्शन खूब तगड़ा रहा है।बॉलीवुड से लेकर साउथ तक भारतीय सिनेमा में कई फिल्मों ने इस साल सिनेमाघरों में दस्तक तो इसे बहुत कम बजट में बनाया गया, लेकिन इसने कमाई अच्छी की है। कमाई से ज्यादा इसे तारीफें खूब मिली हैं। इस साल इसे भारत की तरफ से ऑस्कर में आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में भी भेजा गया, हालांकि अंतिम सूची में यह जगह नहीं बना पाई।



दी। कुछ पर दर्शक मेहरबान हुए तो रिकॉर्ड टूटे, वहीं कुछ फिल्में कब आईं और चली गईं पता नहीं चला। कुछ ऐसी फिल्में रिलीज हुईं, जिन्होंने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर तो धमाल किया ही, ग्लोबर स्तर पर भी झंडा बुलंद किया। देश के साथ-साथ विदेशों में इन फिल्मों ने जमकर नोट छापे। आइए जानते हैं प्रशांत वर्मा के निर्देशन में यह फिल्म साउथ में रिलीज हुई। हिंदी भाषी दर्शकों तक भी इसे दर्शकों तक पहुंचाया गया। करीब 20 से 25 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की। इतना ही नहीं, विदेशों में भी इस फिल्म को दर्शक बड़ी संख्या में देखने आए। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक इसने 201.63 करोड़ रुपये का इंडिया नेट कलेक्शन किया। वहीं, वर्ल्डवाइड फिल्म की कमाई 295 करोड़ रुपये रही। किरण राव के निर्देशन में बनी यह फिल्म इस साल की सबसे चर्चित फिल्म साबित हुई है। यूं भारत में यह फिल्म जब थिएटर्स में रिलीज हुई तो खास नहीं चली, लेकिन ओटीटी पर आने के बाद इसने तहलका मचा दिया। फिर इसे विदेशों में रिलीज किया गया और वहां भी दर्शकों से इसे प्यार मिला। भारत में इस फिल्म ने 20.58 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया। वहीं, फिल्म का वर्ल्डवाइड कारोबार 27.06 करोड़ रुपये रहा। अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म 'शैतान' भी इस लिस्ट में शामिल है। यूं तो इस साल अजय देवगन की कई फिल्में रिलीज हुईं-इनमें 'मैदान' से लेकर 'औरों में कहां दम था', 'नाम' और 'सिंघम अगेन' तक शामिल है। मगर उनकी फिल्म 'शैतान' का जो जलवा रहा, वह किसी का नहीं रहा। रिपोट्र्स के मुताबिक यह फिल्म करीब 60 से 65 करोड़ रुपये की लागत के साथ बनाई गई। दुनियाभर में इसने 211 करोड़ रुपये का कारोबार कर डाला।

## रिलीज में बचे महज 12 दिन, कब आएगा गेम चेंजर का ट्रेलर फिल्म को लेकर आई ये बड़ी जानकारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** फिल्म गेम चेंजर की रिलीज में अब सिर्फ 12 दिन बाकी हैं। राम चरण और शंकर की इस




बहुप्रतीक्षित फिल्म को लेकर दर्शकों का उत्साह बढ़ रहा है, लेकिन ट्रेलर का अब तक कोई आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है।सुपरस्टार राम चरण की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'गेम चेंजर' 10 जनवरी 2025 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। यह फिल्म कई भाषाओं में पैन इंडिया स्तर पर रिलीज की जाएगी। 'गेम चेंजर' को लेकर दर्शकों को काफी ज्यादा उम्मीदें हैं, लेकिन इसका ट्रेलर अभी तक रिलीज नहीं किया गया है। फैंस सोशल मीडिया पर लगातार इस फिल्म के ट्रेलर को जारी करने के लिए निर्माताओं से अपील कर रहे हैं। इस बीच फिल्म के ट्रेलर को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोट्र्स के मुताबिक फिल्म का आधिकारिक ट्रेलर 4 जनवरी 2025 को एक विशेष इवेंट के दौरान लॉन्च हो सकता है। हालांकि, इस खबर की अभी तक आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की गई है। 'गेम चेंजर' में राम चरण के अलावा कियारा आडवाणी और अंजलि मुख्य भूमिका में दिखाई देंगी।

## वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट होगा आयोजित, मन की बात में इन विषयों पर भी बोले पीएम नरेंद्र मोदी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के कलाकारों, सीरीज और वर्ल्ड जैसे मोहम्मद रफी, अक्किनेनी नागेश्वर राव गारू, तपन सिन्हा और राज कपूर को भी याद किया। मन की बात में पीएम मोदी ने केटीबी



ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट को लेकर बात की है। साथ ही उन्होंने बताया कि केटीबी सीजन 2 कब और कहां देखा जा सकता है। पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से जुड़ी बातें की हैं। उन्होंने इस दौरान वर्ल्ड ऑडियो विजुअल इंटरटेनमेंट समिट, भारत के दिग्गज सितारों सीजन 2 के बारे में भी बात की। पीएम मोदी ने कहा कि अगले साल हमारे देश में पहली बार वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट यानिं ्रहिंए ल्स्सू का आयोजन होने वाला है। आप सभी ने दावोस के बारे में सुना होगा, जहां दुनिया के अर्थजगत के महारथी जुटते हैं। उसी तरह वेव्स समिट में दुनिया भर के मीडिया और इंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के दिग्गज, क्रिएटिव वर्ल्ड के लोग भारत आएंगे। यह समिट भारत को ग्लोबल कंटेंट क्रिएशन का हब बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि टीवी सीरियल्स की पॉपुलैरिटी दिखाती है कि इसमें कितनी क्षमता है। ये इंडस्ट्री भारत की इकोनॉमी को भी बढ़ाती है। उन्होंने फिल्म और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को देश को सशक्त करने की बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस इंडस्ट्री के जरिए भारत से बहुत सारी भाषाओं में बहुत सारा कंटेंट बनता है और लोगों को पसंद भी आता है। उन्होंने राज कपूर को याद किया। उन्होंने इस दौरान उन्होंने मोहम्मद रफी को भी याद किया। उन्होंने कहा कि उनके गाने भी फैंस पसंद करते हैं। उन्होंने कि उनकी आवाज में जादू था। पीएम मोदी ने अक्कीनेनी नागेश्वर राव गारू को भी याद किया।

## बिग बॉस फेम सृष्टि रोडे ने शेयर की अपनी हेल्थ अपडेट, बोलीं- मुझे यकीन है कि मैं

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** टीवी अभिनेत्री सृष्टि रोडे, जिन्होंने हाल ही में बताया कि वह निमोनिया के कारण एम्स्टर्डम की छुट्टियों के दौरान अस्पताल में भर्ती हो गईं। उन्होंने एक पोस्ट के जरिए अपनी हेल्थ अपडेट शेयर की है।सृष्टि रोड़े टेलीविजन जगत की जानी-मानी अभिनेत्रियों में से एक हैं। हाल ही में, उन्होंने निमोनिया के अपने निदान के बारे में खुलकर बात की और अपने प्रशंसकों को इस बारे में जानकारी देते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की है। सृष्टि रोड़े ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट किया और बताया कि कैसे यूरोप की अपनी हालिया सफर के दौरान उनकी तबीयत खराब हो गई थी। अब, उन्होंने एक नोट पोस्ट किया है, जिसमें रिकवरी के बारे में अपडेट दिया है। सृष्टि ने अपने प्रशंसकों और प्रियजनों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी हालत



में हर दिन सुधार हो रहा है और वह अपने ठीक होने को लेकर आशावादी हैं।अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर, सृष्टि ने लिखा, ठमेरे दिल की गहराइयों से आप सभी का शुक्रिया जिन्होंने मेरा हालचाल जानने के लिए समय निकाला, टिप्पणी की, मुझे संदेश भेजे, फोन किया और यहां तक कि मुझसे मिलने भी आए। सृष्टि ने आगे लिखा, आपका प्यार और समर्थन मेरे लिए बहुत मायने रखता है और मैं वास्तव में अभिभूत हूं। मैं अपने जीवन में ऐसे अद्भुत लोगों को पाकर बहुत आभारी महसूस करता हूं। हर चीज के लिए धन्यवाद। मैं हर गुजरते दिन के साथ बहुत बेहतर महसूस कर रहा हूं, और मुझे यकीन है कि मैं बहुत जल्द ठीक हो जाऊंगी।अस्पताल के बिस्तर से खुद को दिखाते हुए कई तस्वीरें और वीडियो पोस्ट करते हुए सृष्टि ने बताया कि उसके स्वास्थ्य में क्या गड़बड़ थी। निमोनिया से बीमार होने की वजह से उनका स्वास्थ्य कैसे बिगड़ गया, जिसकी वजह से उनका ऑक्सीजन लेवल गिर गया था।सृष्टि रोडे को एक और परेशानी का सामना करना पड़ा क्योंकि यूरोप छोड़कर भारत वापस आने से पहले ही उनका वीजा समाप्त हो गया। अभिनेत्री ने कहा, ठनिमोनिया में समय लगता है और मेरे डॉक्टर कहते हैं कि इसमें महीनों लग सकते हैं, लेकिन मैं इससे लड़ रही हूं। मैं अभी भी बहुत कमजोर हूं, लेकिन मुझे उम्मीद है और मैं बेहतर होने की कोशिश कर रही हूं। काम की बार करें, सृष्टि रोडे को छोटी बहू - सवार के रंग राची, पुनर्विवाह - एक नई उम्मीद, और सरस्वतीचंद्र जैसे शो के लिए जाना जाता है। सृष्टि के प्रशंसक उन्हें फिर से छोटे पर्दे पर देखने के लिए बेकरार हैं।

## पति राघव चड्ढा बिना मना रही हैं सर्दियों की छुट्टिया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** । बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने सोशल मीडिया



हैंडल पर अपनी सर्दियों की छुट्टियों को लेकर एक स्टारो शेयर की है, जिससे साफ पता चल रहा है कि उनकी सर्दियों की छुट्टियां शानादार बीत रही हैं। परिणीति के प्रशंसक भी इस स्टोरी पर अपनी राय शेयर कर रहे हैं। परिणीति चोपड़ा नई दिल्ली वापस आ गई हैं और उन्होंने एक तस्वीर के जरिए अपनी छुट्टियों के बारे में सोशल मीडिया हैंडल पर एक स्टोरी शेयर की है। कुछ ही समय में यह वायरल हो गई इस स्टोरी पर अब प्रशंसक भी अपनी प्रतिक्रिया लगातार दे रहे हैं।परिणीति इन दिनों अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग के लिए गोवा में थीं। हालांकि, परिणीति ने फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी शेयर नहीं की, लेकिन परिणीति ने अपनी सर्दियों की छुट्टियों के बारे में इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी जरूर शेयर की हैं, जो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है।परिणीति चोपड़ा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक वीडियो क्लिप शेयर की है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।